RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo
# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 196 ग्वालियर मंगलवार 25 फरवरी 2025 पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमपीसीसीआई प्रतिनिधि मण्डल हुआ शामिल

**माननीय मुख्यमंत्री-डॉ. मोहन यादव, माननीय उपमुख्यमंत्री-श्री राजेन्द्र शुक्ल व केबिनेट मंत्रियों सहित प्रमुख सचिवों व बड़े निवेशकों से ग्वालियर में निवेश पर की चर्चा**

(दैनिक केसरिया हिंदुस्तान )



ग्वालियर, 25 फरवरी । माननीय प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरिमामयी उपस्थिति में आज प्रदेश की राजधानी में प्रारम्भ हुई 卐ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट卐 में स्क्ष्टष्ट्ठ अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल शामिल हुआ । इस अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री-माननीय श्री मोदी जी ने मध्यप्रदेश को अजब-गजब और सजग प्रदेश बताया और प्रदेश की जमकर प्रशंसा की । प्रतिनिधि मण्डल में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री आशुतोष अग्रवाल, रामकुमार चौपड़ा, आशीष अग्रवाल सहित सदस्य-सर्वश्री जय गुप्ता, प्रभात चौपड़ा व सुदर्शन झंवर शामिल हुए ।

उपरोक्त त्वङ्कस् में शामिल होने के पश?चात? चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री-माननीय श्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन-श्री संजय शुक्ला जी व श्री भरत यादव जी से भी भेंट की । इस अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सभी से म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर में पधारने का आग्रह किया, ताकि ग्वालियर अंचल में नवीन निवेश पर चर्चा की जा सके । साथ ही, समिट में शामिल हुए बड़े निवेशकों से भी चर्चा की और उन्हें ग्वालियर आमंत्रित किया । डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया है कि आज भोपाल में आयोजित 卐ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट卐 में स्क्ष्टष्ट्ठ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा की गई बातचीत के आधार पर यह विश्वास किया जा सकता है कि ग्वालियर के लिहाज से यह त्वङ्कस् काफी सफल होगी और ग्वालियर में बड़ा निवेश शीघ्रातिशीघ्र आएगा, ऐसी आशा है ।

## ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे में 4 लोगों की मौत 25 लोग घायल, 12 की हालत गंभीर

### घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया

केसरिया हिंदुस्तान




मध्यप्रदेश गोहद में भीषण सड़क हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदेश के भिंड में सोमवार को यह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक बेकाबू होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्रॉली में करीब तीन दर्जन लोग सवार थे। दुर्घटना होते ही मौके पर कोहराम मच गया, घायल बुरी तरह चीख-पुकार करने लगे। मौ-गोहद मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार 25 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया।

ग्वालियर के मठ पूरा निवासी मायाराम जाटव अपनी बहन के घर मौ के पिपहाड़ा गांव में परिजनों और रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर गए थे। करीब तीन दर्जन लोग 卐पछ卐 कार्यक्रम के बाद सोमवार दोपहर को ग्वालियर वापस लौट रहे थे तभी गोहद थाना इलाके के इटाईदा गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली बेकाबू होकर पलट गई।

ट्रैक्टर ट्राली पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। झाँकरी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से मौ और गोहद अस्पताल भेजा। गोहद में 11 साल के आदित्य और 9 साल की छोटी बहन नंदो की मौत हो गई। मौ अस्पताल में महिला सुनीता जाटव की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल लोगों को ग्वालियर रेफर किया जिनमें मृत बच्चों की मां आशा की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## हरिशंकर आचार्य के हिंदी गीत संग्रह अनहदनाद का हुआ विमोचन

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**बीकानेर।** हरि शंकर आचार्य के गीत विषयों की वैविध्यता लिए हैं। इनमें प्रकृति के सभी रंग हैं। पंछियों का कलरव है। जीवन की क्षणभंगुरता को दर्शाने वाले ये गीत, सृजन की दुनिया में विशेष स्थान हासिल करेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उमाकांत गुप्त ने जिला उद्योग संघ सभागार में हरिशंकर आचार्य की चौथी पुस्तक और पहले हिंदी गीत संग्रह %अनहदनाद% के विमोचन के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए। मुक्ति संस्था, शब्दरंग और सूर्य प्रकाशन मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. गुप्त ने कहा कि पुस्तक के सभी के सभी गीत विषयों की दृष्टि से परिपक्व हैं। इनकी लयबद्धता इन्हें और अधिक पठनीय बनाती हैं। उन्होंने कहा कि यह गीत रचना अत्यंत चुनौतीपूर्ण हैं। आचार्य इस पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक में सभी रसों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ कवि कथाकार राजेंद्र जोशी ने कहा कि ये गीत मन का नाद हैं। अनहदनाद को समझना और महसूस करना अत्यंत दुष्कर कार्य है। आचार्य के गीत इस नाद तक पहुंचने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि बीकानेर में लयबद्ध गीत रचने की समृद्ध परंपरा रही है। आचार्य ने इसका अनुसरण करते हुए नया अध्याय रचा है। यह गीत समझने में जितने सरल और सहज हैं, इनके अर्थ उतने ही गूढ़ हैं। जो कवि मन की परिपक्वता को दर्शाते हैं। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और %अनहदनाद% का लोकार्पण किया। आचार्य ने अपनी सृजन यात्रा के बारे में बताया और अनहदनाद, किताब, जय जय हिंदुस्तान सहित विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया और दुर्गा शंकर आचार्य भी इस दौरान मौजूद रहे।

पत्रवाचन करते हुए हरीश बी. शर्मा ने पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। संग्रह के गीतों की विषय वस्तु के बारे में बताया और कहा कि साहित्य के आलोक पर यह गीत लंबे समय तक आलोकित रहेंगे। वरिष्ठ गीतकार राजाराम स्वर्णकार ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बीकानेर की साहित्यिक परम्परा के बारे में बताया। गोपाल जोशी ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन संजय आचार्य %वरुण% ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थाओं और लोगों द्वारा आचार्य का अभिनंदन किया गया।

इस दौरान दुर्गा शंकर आचार्य , डीपी पच्चीसिया , डॉ. अजय जोशी, योगेंद्र पुरोहित, इरशाद अज़ीज़, डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली, अब्दुल शकूर सिसोदिया, आनंद जोशी, डॉ. गौरव बिस्सा, राहुल जादूसंगत, हेमाराम जोशी, प्रेम नारायण व्यास, नरसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

## महाकुंभ से त्रिवेणी का पवित्र जल घर-घर में पहुंचाएंगे ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर






दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** मोक्षदायिनी मां गंगा हमारी आस्था, हमारे विश्वास और सनातन के आधार का केंद्र है। यही वजह है कि 144 सालों के बाद अद्भुत संयोग में प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का तांता थम नहीं रहा है, ग्वालियर उप नगर से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्नान कर पुण्य अर्जित कर चुके हैं और बहुत से श्रद्धालु ऐसे है, जो किसी कारणवश इस महाकुंभ में श्रद्धा की डुबकी लगाने से वंचित हैं। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ख़ासतौर पर बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए अनूठी पहल की है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संगम के पवित्र जल को लोगों के घरों तक पहुंचाने की बीड़ा उठाया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने गंगा के पवित्र जल को टैंकर के जरिए ग्वालियर मंगवा रहे हैं। गंगा की पवित्र जल का यह टैंकर से लाया गया त्रिवेणी का पवित्र जल घर-घर पहुंचाया जाएगा। त्रिवेणी का पवित्र जल आज प्रयागराज से विधिवत पूजा अर्चना के बाद ग्वालियर के लिए रवाना किया गया है। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वह खुद और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता इस पवित्र गंगाजल को ढाई सौ मिलीलीटर मात्रा में लोगों को उनके घरों तक पहुंचाएंगे ।

## शिवरात्रि महापर्व को लेकर प्रशासन एवं मंदिर समिति की बैठक संपन्न

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट-शिवरात्री महापर्व को लेकर जहां मंदिर समितिया तैयारियां करने में लगी हुई है वही प्रशासन भी इस महापर्व को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है ।मंदिरों की व्यवस्थाओं को लेकर और मंदिर में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को किस तरह नियंत्रण किया जाए इसको लेकर प्रशासन योजना बना रहा है इसी को लेकर थाना परिसर पर क्षेत्र की आस्था का केंद्र श्री अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर जनाधार समिति के सदस्यों के साथ नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बैठक करी एवं आयोजन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान समिति के सदस्य अनिल भरवा मनीष पांचाल विनय निगम भूपेंद्र सिंह परिहार कुलदीप सांवरिया मंदिर पुजारी अभिषेक व्यास अनिल रावल ने मंदिर पर होने वाले आयोजन ऑन की जानकारी दी एवं वाहन की व्यवस्था को किस तरह से मूर्ति रूप दिया जाए इस पर चर्चा की गई इस दौरान 26 फरवरी को शिवरात्रि के दिन अनादि कल्पेश्वर महादेव की सवारी भी नगर भ्रमण पर निकलेगी। इसको लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए एवं सवारी रूट का निरीक्षण किया गया एवं नगर परिषद के कर्मचारी पवन धूमकेतु द्वारा संपूर्ण मार्ग पर साफ सफाई एवं मंदिर परिसर में साफ सफाई की जिम्मेदारी दी गई वहीं विद्युत मंडल के डिई पाटीदार को मंदिर परिसर में एवं मंदिर मार्ग पर विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुधारने एवं पर्याप्त विद्युत प्राय करने के दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद थाना प्रभारी एवं नायाब तहसीलदार समिति के सदस्यों के साथ मंदिर प्रांगण पर पहुंचे वहां उन्होंने पार्किंग व्यवस्था वहां व्यापार करने वाले व्यापारियों की व्यवस्था मंदिर परिसर में भक्तों के दर्शन करने की व्यवस्था एवं ग्राउंड में होने वाले आयोजनों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली एवं उचित दिशा निर्देश दिए। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य आयोजन होना है जो सुबह से लेकर दूसरे दिन सुबह तक चलते रहेंगे। 24 घंटे के इस आयोजन में हजारों भक्त यहां पहुंचकर भगवान महादेव की पूजन अर्चन करेंगे एवं भोले बाबा को प्रसन्न करेंगे। वही शाम 5ः00 बजे भगवान अनादि कल्पेश्वर महादेव का आकर्षक श्रंगार किया जाएगा एवं उन्हें पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण करवाया जाएगा नगर भ्रमण करने के पश्चात सवारी पूर्ण रात्रि 12ः00 बजे मंदिर प्रांगण पर पहुंचेगी। जहां भगवान अनादि कल्पेश्वर महादेव का भाव जलाभिषेक होगा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं रात्रि के चारों पहर अभिषेक एवं पूजन पाठ का दौर शुरू होगा वहीं शाम 7ः00 बजे मंदिर प्रांगण पर भगवान का आकर्षक श्रंगार होगा एवं महा आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा इसी तरह सुबह गायत्री परिवार के द्वारा पंचकूलती यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी भक्त अपनी आहुतियां देंगे इसी को लेकर प्रशासन और समिति के सदस्य तैयारी में लगे हुए हैं।

## पंजाब में आप के 32 विधायक कांग्रेस के संपर्क में : बाजवा



**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ व नेता प्रतिपक्ष नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार को दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) के 32 विधायक पाला बदलने के लिए उनके संपर्क में हैं। बाजवा ने यह दावा भी किया कि प्रदेश के मुख्मयंत्री भगवंत मान भाजपा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, 'जैसे ही (अरविंद) केजरीवाल उन्हें हटाने का फैसला करेंगे, वह (मान) अपना सामान उठा कर उनके साथ (भाजपा) चले जाएंगे।' पंजाब विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बाजवा ने कहा, 'हमने पहले ही कहा था कि कांग्रेस की मंशा प्रदेश सरकार को गिराने का नहीं है।

## एमएलबी मैदान पर रोमांचक मुकाबले में पावर हिटर मुरार को दी शिकस्त

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर। एमएलबी खेल मैदान पर चल रहे मास्टर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को फाइनल मैच में हुए रोमांचक मुकाबले में सुपर स्टार थाटीपुर ने पावर हिटर मुरार को शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस मास्टर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ऑप्टीमस कॉलेज ने शहर के कोचिंग संस्थानों के लिए किया था।

टूर्नामेंट कन्वीनर बसंत सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि एमएलबी मैदान पर शाम को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया एवं अध्यक्षता कर रहे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने विजेता टीम सुपर स्टार को ट्रॉफी भेंट की एवं उप विजेता टीम पावर हिटर सहित सभी प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार एवं शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के डायरेक्टर विनोद अग्रवाल एवं मानव रचना समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल उपस्थित थे।

मास्टर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज के मैचों की शुरुआत पड़ाव इलेवन और पावर हिटर मुरार के बीच मुकाबले के साथ हुई जिसमें पावर हिटर ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल सुपर स्टार थाटीपुर और स्ट्राइकर, डीडी नगर के बीच हुआ जिसमें सुपर स्टार विजयी रहा। दूसरे सेमीफाइनल में पावर हिटर मुरार और चैलेंजर मुरार के बीच भिड़ंत हुई। इस मुकाबले में पावर हिटर ने विजयी होकर फाइनल में प्रवेश किया। आखिर में मास्टर ट्रॉफी पर कब्जे के लिए सुपर स्टार थाटीपुर और पावर हिटर मुरार के बीच खिताबी भिड़ंत हुई जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सुपर स्टार ने ट्रॉफी को अपने नाम दर्ज किया।

मास्टर ट्रॉफी टूर्नामेंट से उभर कर आईं नई क्रिकेट प्रतिभाएं

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्वालियर ने क्रिकेट और हॉकी से लेकर टेनिस और बैडमिंटन तक हरेक खेल में विशिष्ट प्रतिभाएं देश को दी हैं, इस टूर्नामेंट से भी कई नई बेमिसाल प्रतिभाएं उभर कर सामने आई हैं। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि ग्वालियर में कै. माधवराव सिंधिया ने क्रिकेट को प्रोत्साहित किया और अब श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयास से शंकरपुर में नया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है।

# रथ यात्रा के माध्यम से दिया, शिव संदेश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कृष्णा कॉलोनी द्वारा, त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत प्रथम दिन भगवान भोलेनाथ की रथ यात्रा निकाली गई ... जिसमें श्वेत वस्त्र धारण किए हुए, ब्रह्माकुमारीज विश्वविद्यालय के भाई बहन हाथों में, शिव ध्वज लिए हुए आध्यात्मिक नारों के माध्यम से लोगों को जागृत कर रहे थे इस रथ यात्रा में, शिव भगवान का दिव्य दरबार सजाया गया था यह रथ यात्रा कृष्णा कॉलोनी से प्रारंभ होकर गोले का मंदिर मुरार एवेन्यू बैंक कॉलोनी इंद्रमणि नगर होते हुए कृष्णा नगर स्थित हरे कृष्णा पार्क पर समाप्त हुई रथ यात्रा को, ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी सेवा केंद्र प्रभारी गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर, द्वारा शिव ध्वज दिखा कर प्रारंभ किया गया, ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहन 1 -2 ...1 -2 बीड़ी सिगरेट छोड़ दो हम जागेंगे, जग जागेगा हम बदलेंगे विश्व बदलेगा? जैसे नारों के माध्यम से आम जन को जागृत करते हुए नजर आए

इस रथ यात्रा के माध्यम से जन-जन तक परमात्मा संदेश दिया गया साथ ही मानव आत्माओं को नशा मुक्ति एवं क्रोध मुक्त होने का संकल्प भी दिलाया परमात्मा शिव की झांकी बहुत ही आकर्षण में लग रही थी, श्रद्धालु अपने आप को नहीं रोक पा रहे थे और परमात्मा शिव की पूजा अर्चना करके वरदानों से भरपूर हो रहे थे... उपस्थित आम जन को जीवन की बुराइयों को खत्म करने के लिए, परमात्मा का ध्यान करकेअपनी बुराइयों का त्याग कर और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने हेतु प्रेरित किया गया

इस अवसर पर संस्था के, सैकड़ो भाई बहन मौजूद रहे ... उपरोक्त जानकारी कृष्णा नगर, सेवा केंद्र के प्रभारी बीके महेश भाई ने दी. ज्ञात रहे 25 फरवरी को शाम 4:00 बजे से हरे कृष्णा पार्क में शिव महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा*...

# जिला प्रशासन द्वारा ग्राम अकबरपुर मुंजप्ता में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

## लगभग 6 करोड़ रुपये मूल्य की कीमती भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

49
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर / कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में जिले में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही सतत जारी है। इस क्रम में सोमवार को ग्राम अकबरपुर मुंजप्ता स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 69 रकवा 3.344 हे. भूमि पर से शासकीय भूमि जिस पर अतिक्रमणकारियो द्वारा मकान बनाकर, दीवाल बनाकर, टीन शेड बनाकर, नीव भरकर अतिक्रमण किया गया था। इस शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को अनुविभागीय अधिकारी श्री अतुल सिंह के निर्देशन मे पुलिस थाना बहोडापुर एवं पुरानी छावनी के स्टॉफ की उपस्थिति मे हटवाया गया। अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि का बाजार मूल्य 6 करोड़ रुपये है।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सतेन्द्र सिंह तोमर, नायब तहसीलदार वृत्त बहोडापुर, नगर पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह सिकरवार, जितेन्द्र सिंह तोमर थाना प्रभारी बहोडापुर व अन्य स्टॉफ, नगर निगम ग्वालियर से भवन अधिकारी यशवंत मैकले, मदाखलत अधिकारी केशव चौहान, क्षेत्राधिकारी विशाल गर्ग व राजस्व निरीक्षक वृत्त बहोडापुर संजय अगरैया, पटवारी ज्योति चौकरो, रांदीप राजावत, धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ, शेलेश कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

# लहार में आम जनता को नहीं मिल रहा न्याय जंगलराज जैसे हुए हालात




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार विधानसभा में अराजकता चरम सीमा पार कर रही है न गायों की पुकार कोई सुन रहा न हो रही आम जनता की सुनवाई,,अपनी नितिगत मांगों को लेकर पिछले 203 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे अनसुचित जाती संघर्ष समिति के लोगों कि फरियाद सुनने न तो कोई जन प्रतिनिधि पहुचा न पहुंचे प्रशासन के जिम्मेदार अपने फायदे के लिए आय दिन दौड़-दौड़कर कारवाइयां करने वाले मिडिया में प्रेस नोट जारी कर वाहवाही लुटने वाले खुद को ईमानदार कर्तव्य निष्ठ बताने वाले कुछ अधिकारी भी जानबुझकर धरना प्रदर्शनकारियों की अंनदेखी कर रहे हैं सवको न्याय दिलाने सबकी समस्या का समाधान का अभियान चलाने का दावा करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के कानों तक क्यों नहीं पहुंच रही अनुसुचित जाती के लोगों की आवाज सुत्रो की मानी जाए तो धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बाबुलाल टैगौर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं जब एक समर्पित कार्यकर्ता की भाजपा सरकार में सरासर अंनदेखी हो रही है छै महा से धरना प्रदर्शन करके न्याय की गुहार लगा रहे बाबुलाल टैगोर की सुनवाई नहीं हो रही तो आम जनता की सुनेगा कौन, ऐसी स्थिति देखकर लोग कह रहे हैं लहार में अराजकता का है राज*

# रंजीत तोमर ने अपने भांजे के जन्मदिन पर करवाया गौ भंडारा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



ग्राम असवार के निवासी गौभक्त रंजीत तोमर ने अपने भांजे हरिओम चौहान के जन्मोत्सव पर लहार नगर में प्रतिदिन चलने वाले गौ भडारे में स्वैच्छिक सहयोग राशि देकर गौ भंडारा करवाया रोड पर भटकती भुखी गायों को खिलाया गया हरा चारा इस अवसर पर वालक हरिओम चौहान के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु के लिए गौमाता से प्राथना की गई

# भगवान अचलेश्वर महादेव के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर होगा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं रुद्राक्ष वितरण का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



**ग्वालियर** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान अचलेश्वर महादेव के सानिध्य में श्री उत्सव वाटिका में निशुल्क अखंड महारुद्र अभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन एवं रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया जा रहा है उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रवि चौबे श्रीमती ममता कटारे एवं आचार्य कान्हा पंडित ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में दी उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण का बहुत महत्व है ऐसा शास्त्र बताते हैं उन्होंने बताया 24 घंटे निरंतर चलने वाले इस महा आयोजन में सभी नगरवासी पधारकर महारुद्र अभिषेक कर सिद्ध रूद्राक्ष प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करें उन्होंने कहा की महाकाल की नगरी उज्जैन श्रीधाम वृंदावन काशी बनारस के प्रकांड विद्वान द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यह आयोजन संपन्न कराया जाएगा इस आयोजन में आचार्य डॉक्टर विकास त्रिपाठी आचार्य गौरव शर्मा आचार्य गगन कटारे पंडित संदीप जी पंडित सत्यम जी पंडित अंशु जी पंडित तनमय में पंडित देव पंडित श्याम जी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें

# केदारनाथ बाबा की थीम पर बनी कावड़ आकर्षण का केंद्र, सोरों से अंबाह लेकर आ रही भक्तों की टोली

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अंबाह**। केदारनाथ की थीम पर बनी एक कावड़ ऐसी है जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जो रंग-बिरंगी लाइटों से सजाई गई हैं। केदारनाथ मंदिर

की थीम पर बनी कांवड़ लोगों का मन मोह रही हैं। ये रंग बिरंगी झांकियों वाली कांवड़ जहां से गुजरती हैं। वहां देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। लाइटिंग की वजह से रात को नजारा और भव्य दिखाई दे रहा है। कांवड़ जहां से गुजर रही हैं वहां लोग अपने अपने फोन में कैद करते दिखाई दिए। लोगों ने कांवड़ के साथ सेल्फी ली और तस्वीरें खिंचवाईं। रविवार को शाम सोरों गंगाघाट से 30 कांवड़ियों के जत्थे के साथ यह कांवड़ पूजा-अर्चना के बाद उठाई गई। इस दौरान डीजे की धुन पर नाचते गाते शिव भक्त कांधे पर कांवड़ रखकर भगवान भोलेनाथ और हर हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस समूह में शामिल अमित ने बताया कि हर हर महादेव टीम किशरोली के सदस्य हर वर्ष कांवड़ लेने सोरों जाते हैं। इस बार करीब 08 फीट ऊंची और 06 फीट चौड़ी केदारनाथ की आकृति की कावड़ लेकर 30 युवाओं की टोली अंबाह आ रही हैं। शिवरात्रि पर सिद्धक्षेत्र किशरोली धाम में 108 हर हर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ियों की टोली में विद्याराम, भूरा, पिंकी, मंटोली, अमित, रोहित, अमित, शिवा, आकाश, बीटू, कालू, अंकित, लवला, दीपक, योगेश, सचिन, विष्णु, सुमित, अमृतांशु, अमन, विष्णु, गौरव, अजय, छोटू, योगेश, विक्की, भूपेंद्र, मंटोली, पिल्ली, राजू, शरद, जीतू सहित अन्य युवा श्रद्धालु शामिल हैं।

# जे के टायर द्वारा अम्बाह में आयोजित किया गया किसान मित्र सम्मेलन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन





**अंबाह**। दिनांक 23 फरवरी दोपहर 12 बजे में अंबाह में जेके टायर द्वारा फार्म टायर प्रमोशन का आयोजन एस के टायर के साथ आयोजित किया गया। जिसमें जे के टायर कंपनी से सेल्स टेरिट्रिटी मैनेजर शैलेन्द्र शर्मा और सर्विस मैनेजर भवानी सिंह जी के साथ अंबाह के प्रतिष्ठित व्यापारी एस के टायर एवम किसान भाइयों ने हिस्सा लिया। जे के टायर प्रबंधकों द्वारा जे के टायर के विषय में टायर का सही रख रखाव, सही एयर प्रेशर , टायर डिफैक्ट ,वारंटी पॉलिसी का विस्तार पूर्वक जानकारी किसान भाइयों के साथ साझा किया गया।किसान भाईयों के लिए ये एक प्रोत्साहन का कार्यक्रम था।जिसमें जे के टायर कंपनी द्वारा उन्हें स्वल्पाहार के साथ उपहार भी दिया गया। जिस में लगभग 120 किसान भाईयों ने हिस्सा लिया। विकास जैन एसके टायर बाले ने आभार व्यक्त किया।

# ग्रीन आर्मी युवा मंडल ने पुराने एचएमटी ग्राउंड में चलाया स्वच्छता अभियान

## अभियान के दौरान शराब की बोतलें और डिस्पोजल कचरे को किया एकत्रित

केसरिया हिंदुस्तान



बैतूल। ग्रीन आर्मी युवा मंडल बैतूल बाजार ने पर्यावरण संरक्षण के तहत इटारसी रोड स्थित पुराने एचएमटी ग्राउंड में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल के सदस्यों ने यहां फैली गंदगी, शराब की बोतलों को इकट्ठा किया। संगठन के अध्यक्ष गजेन्द्र पवार ने बताया कि इस क्षेत्र में शराब दुकान के कारण ग्राउंड में लगातार गंदगी फैली रहती है। लोग शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल और कचरा मैदान में फेंक देते हैं, जिससे यहां गंदगी का अम्बार बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस जगह पर प्राचीन शिव मंदिर भी स्थित है, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के आसपास और ग्राउंड में स्वच्छता अभियान चलाकर टीम के सदस्यों ने स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान ग्रीन आर्मी युवा मंडल ने जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की अपील की है।

---स्वच्छता के लिए नागरिकों को किया प्रेरित---

उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य सिर्फ सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है। अगर हम सब मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं, तो हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। संगठन ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करने और सफाई बनाए रखने में सहयोग देने का अनुरोध किया है। इस अभियान में ग्रीन आर्मी युवा मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र पवार, उपाध्यक्ष संजय पंडाग्रे, अखलेश खडिया, अभिषेक नामदेव, श्याम डायरे, क्रिस पिटफोडे, जितेश मालवीय, अरविंद उईके, वेदांत गायकवाड़, लक्की पवार, धर्मेंद्र पवार, अमन पवार ने भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया।

# पूर्व विधायक कमलेश जाटव के पुत्र गिर्राज जाटव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से की मुलाकात

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह** । मुरैना। दिल्ली मे केंद्रीय संचार एंव पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत महाराज साहब जी से अम्बाह पूर्व विधायक कमलेश जाटव के पुत्र डॉ.गिर्राज जाटव ने मुलाकात कर ग्वालियर भिण्ड हाइवे को 06 लेन करने के लिए आवेदन देकर निवेदन किया। डॉ.गिर्राज ने बताया कि ग्वालियर भिण्ड हाइवे सिंघल होने के कारण आये दिन दुर्धटना होती रहती है हाल ही मे भवानी पुरा भिण्ड के रहने वाले एक ही परिवार के 07 लोगो की मृत्यु हो गई थी आमजन की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए 06 लेन करवाने के लिए निवेदन किया व आशीर्वाद प्राप्त किया..

समय-सीमा बैठक सम्पन्न

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत करायें - कलेक्टर

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। गत माह शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के निराकरण की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपनी रैंक को सुधारने में ध्याान केन्द्रित करें। गत माह शिकायतों की निराकरण की स्थिति के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के एल1 अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत समय-सीमा बाध्य प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया




गया है कि आगामी 15 दिवस में अभियान चलाकर सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। आगामी समीक्षा में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

**इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश :-**

कलेक्टर ने सभी डीडीओ तथा कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया है कि अपने अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करायें। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा सभी असफल भुगतानों, एनपीएस के मिसिंग क्रेडिट, डीपीएफ भुगतान एवं ईएसएस प्रोफाइल में नॉमिनी के विवरण अद्यतन करने संबंधी कार्यवाही आगामी एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में रखें कड़ी निगरानी



**सीधी।** कलेक्टर ने कहा कि 25 फरवरी से जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न होनी है। सभी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता बनी रहे तथा शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न परीक्षाएं सम्पन्न हों। जिले में पेपर लीक या सामूहिक नकल जैसी घटनाएं नहीं हो। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कक्षा 5वी एवं 8वी की बोर्ड परीक्षाओं को भी निर्विघ्न सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का किया अंतरण

देश के 9.81 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण

**सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का देश के 9.81 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीधी जिले के एक लाख 36 हजार 146 किसान परिवार लाभान्वित हुए। कलेक्टर कार्यालय के सभागार कक्ष से उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास



नीलेश शर्मा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया सहित हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। आज के कार्यक्रम में जिले के एक लाख 36 हजार 146 कृषकों के खाते में 2 हजार रुपये के मान से कुल 27 करोड़ 22 लाख 92 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई है। तहसील कुसमी के 11 हजार 681, गोपद बनास के 24 हजार 548, चुरहट के 13 हजार 177, बहरी के 15 हजार 403, मझौली के 25 हजार 273, रामपुर नैकिन के 27 हजार 73 तथा सिहावल के 18 हजार 991 कृषकों के खाते में राशि अंतरित की गई है।

# बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से, 65 केन्द्रों में होगी परीक्षा

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से प्रारम्भ होगी। कुल 65 परीक्षा केन्द्र में 11955 परीक्षार्थी हिन्दी विषय की परीक्षा देंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देश अनुसार कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में और श्री अंशुमन राज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित होगी। सभी परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि की डियुटी लगाई




गई है। 7 अतिसंवेदनशील एवं 13 संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में प्रेक्षक की डियुटी लगाई गई है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु परीक्षा नकल रोकने 16 उड़न दस्ता पैनल गठित किये गये है।

**कंट्रोल रूम :-**

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। श्री रामकृष्ण तिवारी मोबाईल नम्बर 9425435387 एवं 8827650287 को कन्ट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम में ब्लाकवार प्रभारियों की डियुटी लगाई गई है।



दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 25 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# मंदिर से कब्जा हटाने को ओबीसी क्रांति सेना के धरना प्रदर्शन का आज नौवा दिन

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**गौरझामर( सागर )।** आज नौवें दिन अनिश्चितकालीन को मिला भारी समर्थन। इस अवसर पर ओबीसी क्रांति सेना के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि हमारे पूर्वज जिस उद्देश्य को लेकर अपनी भूमि मंदिर में लगाते है लेकिन कोई पुजारी उस जमीन का दुरुपयोग करके अपनी संपत्ति बढ़ाता है और अय्याशी करता है जो गलत है और इसी कारण लोगों का विश्वास धर्म से उठता जा रहा है। साथ ही इंद्रपाल लोधी जी पूर्व जिला पंचायत मड़िया ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अंदराबादी में सिर्फ 900 फुट का आवासीय पट्टा मिलता है। अगर सरकार और प्रशासन समस्त मंदिरों की विधिवत देखरेख करे तो मंदिर की जमीन और पैसे का दुरुपयोग नहीं हो सकेगा। ।आज कई मंदिरों की जमीन पर प्लाटिंग हो रही है, उसका विक्रय हो रहा है और प्रशासन मौन है क्यों ? सागर सहित बुंदेलखंड की हर मंदिर की जमीन पर ऐसा ही अवैध कब्जा हो रहा है और उनका अवैध विक्रय राजस्व अधिकारियों से मिलकर किया जा रहा है। आज देवरी से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा जी, श्री मोती गौड जिला पंचायत सदस्य गौरझामर, यशवंत लोधी जी एडवोकेट, नरेंद्र सिंह लोधी जी एडवोकेट लोधी क्रांति सेना , ओबीसी क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र सिंह जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह लोधी, परशुराम पटेल गौरझामर, एवं ग्रामीण क्षेत्र से सामाजिक एवं धर्म प्रेमी उपस्थित हुए ओबीसी क्रांति सेना के नेतृत्व मे मुख्य बस स्टेण्ड के पास दत्रातेय मंदिर है जिसमें लोधी समाज की जमीन लगी हुई है यह जमनी दत्तात्रेय मंदिर की देखरेख और पूजा पाठ की व्यवस्था के



लिये लगाई गई थी लेकिन कुछ स्वार्थी व्यक्तियों ने झूठे आधारों पर उक्त जमीन को अपने कब्जे में लिया और अपने दैनिक उपयोग के साथ-साथ एक बहुत बड़ा डबल मंजिल की अवैध कमर्शियल मार्केट का निर्माण करा लिया और किराए पर चला रहे। और उक्त डबल मंजिल मार्किट का डायवर्शन भी नहीं है और मंदिर की जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है।और लगभग तीन एकड़ जमीन मन्दिर पर कब्जा कर लिया। और उक्त अवैध मार्केट तोड़ने का आदेश पूर्व कलेक्टर द्वारा दिया जा चुका है, फिर भी प्रशासन मौन है।और भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति को कैद कर रखा है, उक्त जमीन की राशि का दुरूपयोग 50-60 साल से किया जा रहा है। धरने पर कई लोग अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों के साथ हुए छलकपट और जमीनों के दुरुपयोग की जानकारी लेकर आए जिस पर संगठन की टीम काम कर रही है और समस्त मंदिरों की न्याय की लड़ाई लड़ेगी। उक्त मंदिर की जमीन पर भारत के महापुरूषों की मूर्तियां भी मंदिर में लगाई जा सके इसके लिये संवैधानिक तरीके से दत्तात्रेय मंदिर उन्मूलन शांतिपूर्ण धरना संवैधानिक तरीके से सर्व समाज द्वारा दिया जा रहा है, साथ ही साथ संपूर्ण भारत में मंदिरों की जमीनों का दुरुपयोग होने के कारण मुख्य मांग यह भी रखी गई है कि भारत के समस्त मंदिरों में ओबीसी एस सी, एस टी को जनसंख्या अनुपात में ट्रस्टी और पुजारी बनाया जावे ताकि हम अपनी जमीनों की रक्षा कर उसका सदुपयोग समाज हित में कर सके। धरना शनिवार से शुरू हुआ जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक जारी रहेगा हेमराज लोधी जी सिलारपुर, काशीराम जी भजिया, राजकुमार जी रामटेक, भानसिंह जी रामटेक, सोनू यादव, महेश प्रजापति, फूलचंद पटेल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि पर्व मनाया

**केसरिया हिंदुस्तान, सुरभि व्यास**

**जीरापुर।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया उपस्थित अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह तोमर,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, बिजली वितरण कंपनी के सेवानिवृत्त सहायक पुरुषोत्तम निम्बार्क सहित बडी संख्या में मौजूद लोगों की उपस्थित में शिव जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अतिथीयो द्वारा ध्वज फहराकर शुरुआत की गई इस अवसर पर आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने बताया की भारत में महाशिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व



है हम सभी देवताओं की जयंती मनाते आ रहे हैं शिव परमात्मा की ही हम शिवरात्रि मनाते हैं शिव स्वयंभू है। उन्होंने बताया की परमात्मा ने बहुत ही सुन्दर रुप में सृष्टि की रचना की है बावजूद हम विकारो से ग्रसित होकर नशा का सेवन कर रहे हैं शिव पर हम बेल पत्र धतूरा,आकडा चढ़ाते हैं परमात्मा शिव को हम बेल पत्र के रुप में हमारे अंदर के काम क्रोध, अंहकार चढाये जिससे हमे शांति का अनुभव होगा और अपने जीवन की बुराईया भी समाप्त हो सकेगी नम्रता दीदी ने कहा की लोग आज शांति की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं शांति हमें कही भी नही मिलेगी यह हमारे स्वयं के पास ही है इसे जाग्रत करने की जरुरत है। उन्होंने कहा की आज संसार में अराजकता का माहौल है भ्रष्टाचार बढ गया, इंसान इंसान का दुश्मन बना बैठा बुराई,झूठ, अंहकार, ईर्ष्या बनी हुई है इन सब का अंत परमात्मा ही कर सकता है। ईश्वर सर्वशक्तिमान है शिवरात्रि का दिव्य संदेश यह है की परमपिता परमात्मा शिव अंधियारी रात्रि में अवतरित हुए हैं इस धरती के दुख और अशांति को दूर करने के लिए आये है जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिह तोमर,व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने भी अपने संबोधन में शिवरात्रि का महत्व बताया व प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर भगवान शिव की आराधना की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को संस्था द्वारा ईश्वरीय सौगात भेट की गई। उपस्थित लोगों ने भगवान शिव की आरती उतारी व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रिया पुष्पद, जगदीश वर्मा, देवनारायण दांगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्लास्टिक के दुष्परिणामों को लेकर चिंतन कार्यशाला का आयोजन

घटिया आज स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक वह प्लास्टिक के दुष्परिणाम नामों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया प्लास्टिक कैसे खत्म करें यह जिला पंचायत से अधिकारी जिला स्वच्छ भारत समन्वय अधिकारी कविता उपाध्याय एवं स्वच्छ भारत संभागीय सलाहकार यासीन खान घटिया जनपद के अधिकारी प्रीतम सिंह मेवाडा के मार्गदर्शन में 69 ग्राम पंचायत सचिवों की आज मीटिंग रखी गई थी मीटिंग के अंतर्गत प्लास्टिक कचरे के विषय में गहरा चिंतन किया गया चिंतन में प्लास्टिक गांव से कैसे खत्म करें इस विषय पर जोड़ दिया गया वहीं संभागीय सलाहकार ने बताया कि मिनी हब बनेंगे कुछ बड़ी पंचायत में यही कोई



11 पंचायत पर बाकी की पंचायत में बोरों में भरकर इकट्ठा करें सूखा कचरा गीला कचरा रखें वह वहां से मिनी हब पर पहुंचने का कार्य किया जाएगा और कैसे यह राशि आएगी कैसे आप लोगों को मेंटेनेंस करना है यह सब आप ही के ऊपर निर्भर है मगर गांव से गंदगी जब प्लास्टिक के रूप में है इसे किसी भी हालत में बिना प्लास्टिक के हर ग्राम पंचायत को बनाना है जमीनी जमीनी अमल पर आप लोग ही काम करेंगेकार्यक्रम में जनपद सीईओ गुमान सिंह मुजाल्दे व सभी सचिव गण उपस्थित रहे जनपद सीईओ ने सफाई पर ज्यादा ध्यान आकर्षित किया वहीं पीएम आवास का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें।

# संस्कार फिल्म की शूटिंग होने से पहले आरबी प्रोडक्शन की टीम पहुंची लवखेड़ी हनुमान मंदिर

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**घट्टिया।** शनिवार को घट्टिया स्थित क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर संस्कार फिल्म की टीम पहुंची जहां टीम ने हवन पूजन कर फिल्म की सफलता की कामना की। फिल्म के प्रोड्यूसर एवं राइटर राजेंद्रसिंह राजपूत ने बताया कि संस्कृति की चकाचौंध की और भागती युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से आरबी प्रोडक्शन की द्वारा आरबी प्रोडक्शन के बैनर तले संस्कार फिल्म बनाने की पहल की है। इसी के चलते शनिवार को टीम उज्जैन जिले की घट्टिया तहसील मुख्यालय स्थित अति प्राचीन लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर फिल्म की शूटिंग के पहले पहुंचकर हवन पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा मध्यप्रदेश



के स्थानीय कलाकारों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर देने का वादा किया। फिल्म में उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दृश्य भी दिखाया जावेगा। युवाओं को नशे,शराबखोरी से दूर करने के लिए ये फिल्म प्रेरणादायक बनेगी। अति शीघ्र ही फिल्म की शूटिंग प्रारंभ करने तथा इसके लिए फिल्म की लोकेशन देखने का काम भी प्रारंभ किया जावेगा। इस अवसर पर फिल्म के प्रोड्यूसर राईटर राजेंद्र सिंह राजपूत,डायरेक्टर विजय श्रीवास्तव, प्रकाश मालवीय, सी एम श्रीवास्तव इंदौर,सुरेश पटवारी,कमल चौहान, जितेंद्र राठौर,जूनियर मिथुन मालवीय सहित व घट्टिया,नजरपुर,नाला, डाबरी,जलवा सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिकारियों से अभद्रता करने पर एसडीएम ने पटवारी दिनेश श्रीवास्तव को किया निलंबित

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**घट्टिया।** तहसील क्षेत्र घट्टिया में राजस्व महाअभियान 2.0,3.0 कृषकों से अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें एवं अन्य शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने सहित शासकीय ग्रुपों में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर घट्टिया एसडीएम राजाराम करजरे ने शनिवार को हल्का नंबर 47 तुलाहेड़ा व हल्का नंबर 48 धन्नाखेड़ी के पटवारी दिनेश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पटवारी दिनेश श्रीवास्तव को समय समय पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए परन्तु पटवारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्रों का जवाब भी नहीं दिया जाता था। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण पटवारी दिनेश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 9 केंद्रों पर परीक्षाएं आज से बारहवीं में 1121 छात्र देंगे परीक्षा

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आज 25 फरवरी से परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1319 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1121 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं।अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर बाहर दूसरे गांवों के छात्र भी शामिल होंगे उन्हें आने जाने को लेकर भी समय का ध्यान रखते हुए उक्त परीक्षाएं सुबह 9 बजे 12 बजे तक आयोजित की जायेगी।

**कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्र :-**



तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। यहां पर कक्षा दसवीं में 265 तथा बारहवीं में 312 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।इस केंद्र में बालक उच्चतर तेंदूखेड़ा के साथ सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम के साथ ज्ञानोदय स्कूल के छात्र शामिल होंगे। जबकि बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में सबसे कम परीक्षार्थी शामिल होंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर विद्यालय केंद्र में दसवीं में 161और बारहवीं में 199 छात्र बैठेंगे।देवरी राजमार्ग केंद्र में दसवीं में 260बारहवी में 247 छात्र चांवरपाठा में दसवीं में 108 बारहवीं में 139 छात्र डोभी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 201 बारहवीं में 151 छात्र ग्राम बिल्थारी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 34 छात्र कक्षा बारहवीं में 35 छात्र छात्राएं शामिल होंगी।इसी भामा हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में 113 मदनपुर में 88 और विलगुवां परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 89 तथा बारहवीं में 38 छात्र शामिल होंगे।

**सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम :-**

तेंदूखेड़ा परीक्षा केंद्र में कुछ बाहर ग्रामों के साथ प्राइवेट स्कूलों के परीक्षार्थी शामिल हुआ करते हैं लेकिन विगत वर्षों में जो विषय चर्चाओं में रहें उनकी अब पुनरावृति ना हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायें।विगत वर्ष कुछ प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक खुले आम इन परीक्षा केंद्रों में घूमकर माहौल गंदा किया करते थे इससे छात्रों में भेदभाव की स्थिति निर्मित होने के साथ इन स्कूलों के छात्र परीक्षा में लगे पंखों खिड़कियां भी तोड़कर जाते थे। जिससे अध्ययन रत छात्र छात्राओं को स्कूली समय में परेशानी हुआ करती थी। और प्रबंधन को भी अलग से व्यय भार पड़ता है।

# पीडब्ल्यूडी के रोड में रोड़ा बना फॉरेस्ट विभाग, उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना कर रही डीएफओ, आम नागरिक धूल-डस्ट से परेशान–क्या हादसों के बाद जागेगा प्रशासन?

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**

**शहडोल।** संभाग के धनपुरी नगर पालिका मुख्य मार्ग से लेकर ग्राम पंचायत बंगवार बम्होरी तक बनने वाले सड़क का काम कई महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही है, लेकिन लगातार अड़चनों के कारण आज तक इसका काम पूरा नहीं हो सका है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह सड़क कई सालों से जर्जर अवस्था में थी, जिसे सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने निर्माण कार्य शुरू किया था। लेकिन, सड़क निर्माण कार्य के बीच में ही फॉरेस्ट विभाग ने अड़ंगा डाल दिया। नतीजा यह हुआ कि महीनों से सड़क अधूरी पड़ी है और इससे प्रतिदिन हजारों नागरिक धूल-डस्ट और गड्ढों से जूझ रहे हैं।

**पीडब्ल्यूडी का आरोप- डीएफओ काम नहीं करने दे रही :-**

जब इस मुद्दे पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने साफ कहा कि शहडोल की डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) निर्माण कार्य नहीं होने दे रही हैं। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि यह सड़क एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड) के द्वारा पूर्व में पी 2 डी विभाग के द्वारा सुपुर्द की गई थी इसके निर्माण पर पीडब्ल्यूडी ने टेंडर जारी किया था और अब फॉरेस्ट विभाग के कानूनी गांव पेज पर अड़चन आने के बाद इसके लिए आवश्यक मंजूरी भोपाल स्थित मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से भी मिल चुकी है। भोपाल के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने 17 फरवरी 2025 को आदेश जारी किया था, जिसमें साफ कहा गया था कि धनपुरी-बम्होरी मार्ग के लिए मरम्मत कार्य किया जाए। इस आदेश में 5.50 मीटर चौड़ी डामरीकृत सड़क की मरम्मत की अनुमति दी गई थी, साथ ही सड़क के किनारे 2.5-2.5 मीटर के अतिरिक्त क्षेत्र का भी उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, पीडब्ल्यूडी के अनुसार, शहडोल की डीएफओ इस आदेश की अवहेलना कर रही हैं और सड़क का काम शुरू नहीं करने दे रही हैं।

**आखिर क्यों रोक रहा है फॉरेस्ट विभाग? :-**

अब सवाल यह उठता है कि अगर भोपाल से अनुमति मिल चुकी है, तो फिर शहडोल का वन विभाग सड़क निर्माण कार्य को क्यों रोक रहा है? क्या डीएफओ के आदेश सर्वोच्च हैं या फिर इसमें कोई और खेल चल रहा है? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मामला आपसी लेन-देन या फिर अधिकारियों की अहम की लड़ाई से जुड़ा हो सकता है। क्योंकि यह सड़क कोई नई नहीं है, बल्कि 50 साल पुरानी है। फिर भी, फॉरेस्ट विभाग इसे रोक रहा है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**आधे-अधूरे रोड पर रोज हो रहे हादसे :-**

धनपुरी-बम्होरी मार्ग को ग्रामीण क्षेत्र से गुजर कर शहर को जोड़ने के लिए एक प्रमुख सड़क माना जाता है। इस रास्ते से दर्जनों ग्राम पंचायतों के लोग गुजरते हैं, साथ ही एसईसीएल की कोल खदानों की गाड़ियां भी यहां से रोज आती-जाती हैं। लेकिन बीच में ही सड़क निर्माण का काम रुक जाने से यहां हर दिन हादसे हो रहे हैं। - गड्ढों से भरी सड़क के कारण बाइक और साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।चार पहिया वाहन चालकों को भी धूल और डस्ट से परेशानी हो रही है। पैदल चलने वालों को धूल भरी हवा और उड़ती मिट्टी से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय निवासियों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**क्या पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार के बीच कोई डील फेल हो गई? :-**

इस पूरे मामले में एक बड़ा सवाल यह भी उठता है कि क्या पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार के बीच कोई सेटलमेंट नहीं हो पाया, इसलिए फॉरेस्ट विभाग ने सड़क निर्माण रोक दिया?

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग की तरफ से जानबूझकर अड़ंगा लगाया जा रहा है, ताकि ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी अधिकारी समझौता करें। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी खुद को ज्यादा ताकतवर दिखाने के लिए यह खेल खेल रहे हैं। जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होगा, प्रशासन नहीं जागेगा?

अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्योंकि यदि यह सड़क जल्द नहीं बनी, तो किसी दिन कोई बड़ा वाहन पलट सकता है या फिर किसी मासूम की जान भी जा सकती है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि- डीएफओ को तुरंत उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन करने के लिए बाध्य किया जाए,पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण कार्य तुरंत पूरा करने की अनुमति दी जाए,अगर फॉरेस्ट विभाग की कोई जायज आपत्ति है, तो उसे स्पष्ट किया जाए,इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, जिससे यह साफ हो सके कि रोड निर्माण में रुकावट की असली वजह क्या है,जनता की एक ही मांग- हमें धूल-गड्ढों से निजात चाहिए,धनपुरी-बम्होरी मार्ग की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस समस्या का त्वरित समाधान निकाले, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# कक्षा पांचवीं के छात्रों का किया विदाई समारोह आयोजित



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**बड़ावदा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय फाचरिया में कक्षा पांचवी के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना से हुआ, बच्चों ने गीत, कविता, कहानी आदि की प्रस्तुति दी गई कक्षा 5 वी के छात्रों ने शिक्षकों को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया व कक्षा पांचवी के बच्चों का स्वागत स्कूली बच्चों ने किया विदा ले रहे छात्र -छात्राओं ने शाला को भेंट स्वरूप मां सरस्वती की तस्वीर भेंट की, विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्रों को स्वल्पहार करवाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर शिक्षक महेश बैरागी श्याम लाल रावत ने शिक्षा का महत्व बताते हुए छात्रों को खूब पढ लिख कर माता पिता, समाज व गुरुजनो का नाम रोशन करने की शिक्षा दी।

# कलेक्टर के आदेश न मानने वाले अधिकारी परीक्षा सम्पन्न करा पायेंगे

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

रायसेन जिले में अटैचमेंट को लेकर के पूरे जिले का माहौल खराब है शिक्षा विभाग का और कलेक्टर के लाख कहने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी के शिक्षा विभाग में बड़े स्तर का घोटाला चल रहा है जिसकी सही जांच नहीं हुईऔर सामने माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं अब यह सवाल खड़ा होता है भ्रष्टाचार के आरोपी लोग क्या सही तरीके से परीक्षा संपन्न कर पाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 के लिए बमण्डल द्वारा निधारित किये गये 83 परीक्षा केंद्र माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा रायसेन जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा 10 वी 12वीं बोर्ड परीक्षाएं जल्द ही शांतिपूर्ण माहौल में होने जा रही हैं।परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त किये गये केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राधक्ष को अंजु पवन भदौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदया जिला पंचायत रायसेन ( नोडल अधिकारी परीक्षा जिला रायसेन ) एवं डी.डी. रजक जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। समन्वयक संस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को उक्त परीक्षा की



गोपनीय सामग्री ( प्रश्न - पत्र ) प्रदान की गई। प्राप्त की गई गोपनीय सामग्री ( प्रश्न - पत्र ) को हर्ष विक्रम सिंह, तहसीलदार रायसेन एवं डी. डी. रजक जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन की उपस्थिति में रूट चार्ट अनुसार अधिग्रहण किये गये 10 वाहनों के नोडल अधिकारी (संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला रायसेन ) के माध्यम से पुलिस बल की सुरक्षा में परीक्षा केन्द्र के निकटतम थानों तक पहुचाई गई।माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 के लिए बमण्डल द्वारा निधारित किये गये 83 परीक्षा केंद्र

रायसेन।माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा रायसेन जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा 10 वी 12वीं बोर्ड परीक्षाएं जल्द ही शांतिपूर्ण माहौल में होने जा रही हैं।परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त किये गये केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राधक्ष को अंजु पवन भदौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदया जिला पंचायत रायसेन ( नोडल अधिकारी परीक्षा जिला रायसेन ) एवं डी.डी. रजक जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। समन्वयक संस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को उक्त परीक्षा की गोपनीय सामग्री ( प्रश्न - पत्र ) प्रदान की गई। प्राप्त की गई गोपनीय सामग्री ( प्रश्न - पत्र ) को हर्ष विक्रम सिंह, तहसीलदार रायसेन एवं डी. डी. रजक जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन की उपस्थिति में रूट चार्ट अनुसार अधिग्रहण किये गये 10 वाहनों के नोडल अधिकारी (संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला रायसेन ) के माध्यम से पुलिस बल की सुरक्षा में परीक्षा केन्द्र के निकटतम थानों तक पहुचाई गई।

**मोदी ने पूछा- सोशल मीडिया पर किसके एक करोड़ फॉलोअर्स**

## नहीं मिला जवाब; एमपी के भाजपा विधायक-सांसदों को दिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट के टिप्स

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के बीजेपी विधायकों, सांसदों और पदाधिकारियों से सवाल पूछा, बताइए किस विधायक के सोशल मीडिया पर 1 करोड़ फॉलोअर्स हैं। इस सवाल पर हॉल में चुप्पी छा गई, किसी ने भी जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीएम मोदी ने बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे से जुड़े संस्मरण पूछे तो एक दर्जन विधायकों ने अपने संस्मरण सुनाए। दरअसल, 24 फरवरी को इन्वेस्टर्स समिट से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेन्शन सेंटर में भाजपा सांसद,




विधायक और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे। ढाई घंटे तक चली बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने विधायकों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट और चुनाव जीतने के टिप्स भी दिए।

# पुलिस अधीक्षक बने प्रोफेसर क्राइम मीटिंग में अधिकारियों को पढ़ाया बीट प्रणाली का पाठ

**नई माइक्रो बीट प्रणाली से पुलिस लगाएगी अपराधों पर लगाम**

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को क्राइम मीटिंग आयोजित की गई जिसमे पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास प्रोफेसर की भूमिका में नज़र आए। उन्होंने मीटिंग में उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों को बीट प्रणाली तथा उसके अंदर माइक्रो बीट प्रणाली को बड़ी ही बारीकी से समझाया।गौरतलब है कि पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर पुलिस की बीट प्रणाली को सुदृढ़ रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। जिसमे बीट को माइक्रो बीट में भी बांटा गया है जिससे पुलिस को एक एक गांव, मोहल्ले की गतिविधि की जानकारी रहे। सभी बीट प्रभारियों से बीट पुस्तिका भी तैयार कराई जा रही है जिससे पुलिस के पास एक एक गांव फलिए व मोहल्ले की कुंडली होगी। यह




व्यवस्था ना केवल अपराध को रोकने में कारगर होगी अपितु इससे पुलिस प्रत्येक बदमाश की गतिविधि पर भी नज़र रखकर उस पर लगाम कस सकेगी।

इसके अतिरिक्त क्राइम मीटिंग में लंबित गंभीर अपराध, दुर्घटना सम्बन्धी प्रकरण, समन्स वारंट के तामीली की समीक्षा, महिला अपराध, अभियोजन स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरण, इनामी बदमाशों की गिरफ़्तारी की भी समीक्षा की गई। बैठक में आगामी सात मार्च से प्रारंभ होने वाले भगोरिया उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई, पुलिस अधीक्षक द्वारा भगोरिया उत्सव से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन करना, ट्राफिक व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था व आयोजकों की बैठक कर सीसीटीवी लगाने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भगोरिया में महिला सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएँगे।

क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट नीरज नामदेव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलीराजपुर अश्वनी कुमार, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा बीएल अटोदे, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सतीश द्विवेदी सहित सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित हुए।

**बीट प्रणाली को माइक्रो बीट प्रणाली में बदलने से अपराधों पर लगेगी लगाम :-**

एसडीओपी जोबट नीरज नामदेव ने बताया कि पहले बीट व्यवस्था में एक बीट प्रभारी के अंतर्गत दस गांव आते थे। दायरा बढ़ा होने के चलते वह सभी गांवों पर एकसाथ ध्यान नहीं दे पाते थे लेकिन अब नई माइक्रो बीट प्रणाली के अंतर्गत एक बीट प्रभारी को केवल दो से तीन गांवों की जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे वह उन गांवों का पूरा बायोडाटा बारीकी से संग्रहित कर पाएगा। साथ ही हर बीट पर सप्ताह में एक बार वहां के थाना प्रभारी निरीक्षण करेंगे वहीं माह में एक बार पुलिस अधीक्षक खुद बीट का निरीक्षण कर यह देखेंगे कि वहां के बीट प्रभारी ने इतने दिनों में क्या किया, क्या इनफॉर्मेशन कलेक्ट की गई, क्या सोर्स डेवलप हुए आदि। जिसके चलते पुलिस अब और बेहतर तरीके से अपराधियों पर लगाम लगाने में सफल हो सकेगी।

## दिव्य दृष्टि खोलने का और जीते जी प्रभु के दर्शन का उपाय सन्तों के पास होता है - बाबा उमाकान्त जी महाराज

उज्जैन वक्त के सन्त सतगुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि दिव्य दृष्टि, दिव्य कान खोलने का और प्रभु के दर्शन का तरीका सन्तों के पास होता है। जिस काम के लिए आपने इस मनुष्य शरीर को प्रभु से मांगा था, मां के पेट में जब आपको तकलीफ हुई थी तो प्रभु से प्रार्थना की थी कि हमको आप बाहर निकालो, हम समर्थ गुरु को खोज करके, उनसे रास्ता लेकर आप के चरणों में लिपट जाएंगे, हम कभी भी फिर मां के पेट रूपी नर्क में नहीं आएंगे। तो वह वादा आपका पूरा हो जाए, इसका उपाय संतों के पास होता है।



**केवल मनुष्य ही ऐसी योनि में है जो साधना कर सकता है :-**

इस दुनिया संसार में जो पशु-पक्षी हैं, कीड़े-मकोड़े हैं, ये सब भोग योनि में हैं। भोग योनि मतलब यह है कि खाओ, बच्चा पैदा करो और दुनिया संसार से चले जाओ। मनुष्य ही एक ऐसी योनि है जो योग कर सकती है, साधना कर सकती है। चाहे स्त्री हो, चाहे पुरुष हो, चाहे बच्चा हो या चाहे स्त्री पुरुष दोनों में जो नहीं हैं, जिनको शिखंडी कहा जाता है, सभी सुरत शब्द योग की साधना कर सकते हैं। तो केवल एक मनुष्य ही ऐसा है जो योग योनि में है, बाकी यह सब भोग योनि में हैं।

**आप ऊपरी लोकों में जा सकते हो और आ सकते हो :-**

वेद से जिनकी उत्पत्ति हुई है, वेद से जो जुड़े हुए हैं, उन्हीं को नहीं मालूम कि आगे और क्या है। इसीलिए वेद में लिखा है नेति नेति। तो आगे भी लोक हैं। देवी-देवता का लोक, ब्रह्मा विष्णु महेश जिनको त्रिदेव कहते हैं इनका लोक है। आद्या महाशक्ति का लोक है, ईश्वर का लोक है, ब्रह्म का लोक है, पार ब्रह्म का लोक है, सतलोक, अलख लोक, अगम लोक, अनामी लोक हैं। तो बहुत से लोक हैं। और आप संतों द्वारा बताये गए नाम की कमाई करके, सुमिरन ध्यान भजन (सुरत शब्द योग साधना) के द्वारा इन लोकों में जा सकते हो और आ सकते हो।

**कबाड़ बस का अनोखा जुगाड़**

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए 100 करोड़ में सजा भोपाल

**भोपाल।** भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए शहर को भव्य रूप से सजाया गया है। पूरे भोपाल में लाइटिंग, पेंटिंग और सौंदर्यीकरण का काम किया गया है, जिससे शहर दुल्हन की तरह चमक रहा है। बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास एक पुरानी कबाड़ बस को अनोखे तरीके से यात्रियों के बैठने के लिए तैयार किया गया है। बस की पुरानी सीटें हटाकर नई सीटें लगाई गई हैं, और इसे इन्वेस्टर्स समिट की थीम के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। पीएम मोदी और अन्य मेहमानों के स्वागत के लिए भोपाल को सजाने में 33 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। साथ ही, 70 करोड़ रुपए की लागत से शहर की सड़कों का कायाकल्प किया



गया है। शहर के प्रमुख 17 किलोमीटर लंबे रूट पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें राजा भोज एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय तक की सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा, रोड, गौहर महल, बोट क्लब, एयरपोर्ट रोड और स्मार्ट सड़कों की भी तस्वीर बदल गई है। इन्वेस्टर्स समिट को ध्यान में रखते हुए न्यू मार्केट, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, होशंगाबाद रोड, एमपी नगर, भदभदा रोड, सैर सपाटा, वन विहार, पॉलिटेक्निक चौराहा, राजभवन और लाल परेड ग्राउंड को भी सजाया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में किया गया। इस समिट में देश-विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों के शामिल होने की उम्मीद है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले भोपाल को संवारने की जिम्मेदारी नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और स्मार्ट सिटी को सौंपी गई। शहर की सजावट, सड़कों के सुधार और सौंदर्यीकरण पर कुल 102.74 करोड़ रुपए खर्च किए गए। एयरपोर्ट से मानव संग्रहालय, बोट क्लब, एमपी नगर, चार इमली, श्यामला हिल्स समेत कई इलाकों में पेंटिंग और फाउंटेन का काम किया गया।

### अग्रवाल स्नेह सम्मेलन समिति के चुनाव संपन्न

**भोपाल।** भोपाल में अग्रवाल विश्रांति भवन में आयोजित अग्रवाल स्नेह सम्मेलन समिति के त्रि-वार्षिक चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी संतोष मित्तल की देखरेख में हुए इस चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। समिति के नए संयोजक के रूप में अनुपम अग्रवाल को चुना गया। लक्ष्मीनारायण बंसल अध्यक्ष, मधुर अग्रवाल महामंत्री और राजेश मित्तल कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव में भोपाल अग्रवाल समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 500 से अधिक समाजजन उपस्थित रहे। समिति ने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया कि अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के सदस्यों ने बधाई दी और आने वाले कार्यक्रमों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा : निवाड़ी यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग जारी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी**

पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में यात्रियों की सुरक्षा हेतु यात्री बसों की चेकिंग की गई यातायात पुलिस निवाड़ी द्वारा लगभग आधा सैकड़ा बसों की चेकिंग, तीस हज़ार रुपए का वसूला जुर्माना पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु लगातार प्रयास जारी है। इसके पालन में आज दिनांक 24.02.2025 को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही यात्री बसों पर यातायात प्रभारी नीरज शर्मा व यातायात स्टाफ ने निवाड़ी तिगेला पर चेकिंग अभियान चलाया लगभग 4/5 घंटे चले चेकिंग अभियान मे आधा सैकड़ा बसों को






चेक किया गया, यातायात नियमों का उल्लंघन करने बाली बसों पर चलानी कार्यवाही की गयी करीब 30 हज़ार समन शुल्क वसूला गया। बसों को चेकिंग करने पर किसी की फिटनेस नहीं तो किसी के पास fire estinguisher नहीं , ओवरलोड सवारी बस पर भी हुई चलानी कार्यवाही कर लगभग 50 असो को चेक कर तीस हज़ार रुपए का वसूला जुर्माना। यात्री बसों की चेकिंग में प्रमुख रूप से बसों के दस्तावेज ,बस का फिटनेस, ड्राइवर का लाइसेंस, बस की फायर सेफ्टी उपकरण सहित अन्य सुविधाओं की जांच की गई साथ में ड्राइवर, कंडक्टर की गणवेश न होने पर भी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ने बस संचालकों से यातायात के नियमो के बारे में निर्देश दिए कि- बसों मे क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठायेक, ओवरलोडिंग ना करे निर्धारित स्टॉप पर ही रोके बीच में रोकने पर कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग अभियान में यातायात प्रभारी नीरज शर्मा , उ.नि धूराम अहिरवार ,प्र.आ राजेंद्र चंद्रभान,रविंद्र , अन्य यातायात स्टाफ की भूमिका रही।

# महाकालेश्वर मंदिर से छड़ी-ध्वज यात्रा रवाना

**बड़केश्वर महादेव पहुंच कर होगा मेले का आगाज**

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

**बाग।** महाकालेश्वर मंदिर से ध्वज नगाड़ों का पूजन कर भगवान श्री गणेश का चोला श्रृंगार बाबा महाकाल की आरती कर छड़ी यात्रा आरंभ की गई। 24 फरवरी को बड़केश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के पश्चात मेले का होगा शुभारंभ। मंदिर के पुजारी महन्त संजयपुरी गोस्वामी ने बताया कि छड़ी यात्रा के प्रथम रात्रि पड़ाव ग्राम खंडलाई में होगा व दूसरे दिन छड़ी यात्रा के बड़केश्वर महादेव पहुंचने पर मां पार्वती का पूजन होगा तथा सूखी लकड़ी की टहनियां रगड़कर अग्नि प्रज्वलित की जाएगी। इसी अग्नि से 21 किलो आटे का रोट बनाकर महादेव का भोग लगाया जाएगा। रात्रि को मां चौसठ जोगनी की पूजा-अर्चना कर खप्पर भरा जाएगा। इस अग्नि से धुना और अग्नि प्रज्वलित की जाएगी। कुक्षी बाग रोड से 4 किलो मीटर दूर स्थित बड़केश्वर महादेव का



मंदिर है जहाँ पुरी (गोस्वामी) परीवार बाग निवासी के वंशज 16 पुश्तों से पूजन अर्चना करते आ रहे। मालवा निमाड़ का प्रसिद्ध बड़केश्वर मेला श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति एवं मनोरंजन का मिला-जुला संगम प्रदान करता है। 26 फरवरी को शिवरात्रि महापर्व पर बड़केश्वर में लगने वाले मेले को लेकर धार्मिक आयोजन की शुरुआत 24 फरवरी से होगी। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मेले में मनोरंजन के लिए झुले-चकरी आ गए हैं। बाग से लगभग 9 किमी दूर बाग कुक्षी मार्ग से अंदरुनी हिस्से में दो पर्वतमालाओं के बीच बड़केश्वर महादेव का पुरातन मंदिर विद्यमान है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सात दिवसीय मेले की रौनक में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हो रही है। आकर्षक झूले एवं आदिवासी लोक संस्कृति को जीवित रखने वाली सामग्री की सैकड़ों दुकानों यहां मंदिर प्रांगण में लगेगी।

**लोक संस्कृति का भगोरिया पर्व शुरुआत यहीं से :-**

धार-झाबुआ के आदिवासियों के पर्व भगोरिया की शुरुआत यहीं से होगी। सोमवार को अमावस्या के दिन मांदल की थाप पर आदिवासी भगोरिया नृत्य करते हुए गैर निकालेंगे। एक दुसरे को गुलाल लगाकर बाबा बड़केश्वर महादेव मंदिर पर नारीयल चढाकर रंग पर्व मनाएंगे। अमावस्या के दिन मेले का समापन होगा।

**मेला क्षेत्र में रहेंगी कानून व्यवस्था व सुरक्षा :-**

मेला के प्रबंध पर बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने चर्चा में बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले क्षेत्र का प्रख्यात बड़केश्वर महादेव मेले में कानुन व्यवस्था के साथ सुरक्षा के भी इंतजाम किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना की जायेगी, जिला पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए एसडीओपी कुक्षी द्वारा महिला पुलिस की भी मांग की गई है। वाहनों के लिए अलग से पॉर्किंग व्यवस्था रहेगी। इस मे जनपद कर्मी व पंचायत द्वारा लेआउट डालने के निर्देश जारी किए गए हैं। मेले के लिए मेला समिति का भी गठन किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**जावरा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी व रामचंद्र लोहार मीडिया प्रभारी का नीमच से उज्जैन प्रवास के दौरान संघ के बद्रीलाल मडोतिया जिला संगठन मंत्री,बाबूलाल छाबड़ा जिला कोषाध्यक्ष,संजय द्विवेदी उपाध्यक्ष,दिनेश जायसवाल जावरा तहसील अध्यक्ष,रामदयाल पाटीदार,महेश बैरागी, राधेश्याम पाटीदार,प्यार सिंह पवार ने औपचारिक भेंट कर पूनी व लोहार का शाल श्रीफल से स्वागत किया, साथ ही शिक्षकों की प्रमुख समस्या,नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता पर चर्चा की गई,पूनी ने बताया कि अब शिक्षक संघ की प्रमुख मांग में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता ही प्रमुख मांग है,इस विषय पर विगत दिनों प्रमुख सचिव संजय गोयल से विस्तृत चर्चा हो चुकी है,म. प्र. शिक्षक संघ इस विसंगति रूपी समस्या हेतु लगातार प्रयासरत है जिस पर संघ के ब्लॉक सचिव सौरभ गुप्ता,राधेश्याम चौधरी अशोक मुजाल्दे,सुनील कोठाने , फूंदा सिंह सोलंकी, श्री मति मिथिलेश अवस्थी,हेमंत रायकवार, कैलाश परिहार, कैलाश पांचाल, लालचंद पंचोलिया,श्री मति शकीला खान, श्री मति केसर खान,राजेंद्र सोनी, राजकुमारी जायसवाल मुकेश देवड़ा,ओमप्रकाश व्यास,सुनील कदम, जी, एस चंद्रावत, श्याम रावत,गोपाल राठौड़, चैनी राम राठौर आदि ने कहा कि है समस्या जल्दी हल होना चाहिए जिससे सेवा निवृत हो रहे शिक्षकों का जीवन सुधर सके।

# केएमयू के सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृदय-2025 का जिला पंचायत अध्यक्ष व महापौर ने किया शुभारंभ

## उद्घाटन मैच में विवि चेयरमैन टीम ने फैकल्टी डाक्टर्स टीम को 12 रन से हराया प्रतिभा को सम्मान मिले तो वह और भी निखर कर सामने आती है : किशन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय का मुख्य ध्येय छात्र-छात्राओं को शिक्षार्जन ही नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा व सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर करना है। विवि में बेहतरीन शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ व्यक्ति विकास का निर्माण भी किया जाता है। प्रतिभा को सम्मान देने से प्रतिभा और निखर कर आती। साहस और हिम्मत दिखाने वाले व्यक्ति की भगवान भी मदद करता है। इसलिए खेलकूद के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपना नाम रोशन कर सकता है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सात दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कृदय-2025' के उद्घाटन सत्र के दौरान कही।

केएम विवि के सात दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कृदय-2025' में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मथुरा-वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा देश के भविष्य का निर्माणकर्ता शिक्षक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को आप युवा ही 2047 तक पूरा करेंगे। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में यूजी-पीजी और एमबीबीएस के स्टूडेंटो द्वारा डिजाइन किया गया यह आयोजन प्रशंसनीय है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा का विकास होता है। महान भारत बनाने के लिए युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, भारत विकसित राष्ट्र आप युवाओं से ही बनेगा। भारत का युवा विश्व में सबसे आगे है।

विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन उन्हें बेहतर मंच की आवश्यकता होती है। हम यही मंच मुहैया कराकर उनका सर्वागीण विकास कर सकते हैं और केएमयू का यही मुख्य ध्येय है। विवि के उपकुलपति डा. शरद अग्रवाल ने कहा वार्षिकोत्सव 'कृदय 2025' में समस्त छात्र-छात्रायें अपनी पूरी ऊर्जा एवं लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विविध प्रतियोगिताओं में करेंगे।



इससे पूर्व सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृदय-2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, विवि कुलाधिपति किशन चौधरी, वी सी डा. एनसी प्रजापति, प्रो वीसी डा. शरद अग्रवाल,रजिस्ट्रार पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल एएमएस डा. आरपी गुप्ता, सर्जरी के एचओडी डा. अजय अग्रवाल, पीजी डाक्टर डा. मनी ने कृदय-2025 का झंडा फहराकर व मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन व मशाल जलाकर किया। शुभारंभ अवसर पर पहुंचे महापौर और गणमान्य नागरिक अतुल अग्रवाल, कृष्णा उपाध्याय, देवेन्द्र प्रधान, वेदपाल प्रधान, अंकुर अग्रवाल, मनीष चतुर्वेदी, गौरव अग्रवाल का पटुका पहनाकर श्रीकृष्ण की छवि देकर विवि के कुलाधिति सहित डाक्टर्स ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस यूजी-पीजी के बीच क्रिकेट, रचनात्मक लेखन, बैलून, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान केएमयू के समस्त डींस, प्रोफेसर, यूजी-पीजी डाक्टर्स, विवि, अस्पताल अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण व सभी बैच के एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

**उद्घाटन मैच - जिला पंचायत अध्यक्ष टीम ने डाक्टर्स टीम को 12 रनों से हराया**

केएमयू के खेल मैदान में सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृदय-2025 के शुभारंभ होने के उपरांत विभिन्न खेलों को लेकर उद्घाटन मैच चेयरमैन टीम और फैकल्टी टीम के बीच हुआ। जिसमें चेयरमैन टीम के देवेन्द्र प्रधान ने जोरदार बल्लेबाजी की और पांच ओवर में 34 रन का लक्ष्य फैकल्टी डा. अजय अग्रवाल की टीम के विरुद्ध रखा। चेयरमैन किशन चौधरी की टीम खिलाड़ियों फिल्डिंग के सामने डाक्टर्स टीम पांच ओवर में 22 रन ही बना सकी और 12 रनों से हार गई। चेयरमैन टीम में विवि के कुलपति, प्रो. कुलपति सहित ग्राम प्रधान शामिल रहे वहीं फैकल्टी डाक्टर्स टीम में कप्तान डा. अजय अग्रवाल, डा. अजय जैन सहित अन्य डाक्टर्स शामिल रहे।

---

## नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की एक पहल

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान



**( मारुति लाल विश्वकर्मा )**

छिंदवाड़ा, फरवरी माह में 2025 ङ्क अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा वार्ड क्रमांक 1, शासकीय हाई स्कूल, परतला में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान नगर निगम के माननीय महापौर श्री विक्रम अहके जी एवं निगमायुक्त श्री सी.पी. राय जी के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा-

- चार प्रकार के कचरे (गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक एवं इलेक्ट्रॉनिक) की जानकारी दी गई।
- स्वच्छता ऐप के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे विद्यार्थी तकनीक का उपयोग कर स्वच्छता में योगदान दे सकें।
- विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई ताकि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

नगर निगम छिंदवाड़ा मातृभाषा में सीखें, स्वच्छता को अपनाएं! के संदेश के साथ शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ छिंदवाड़ा :** नगर निगम नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में योगदान दें। नगर निगम द्वारा नागरिकों से फीडबैक लेने की प्रक्रिया भी चलाई जा रही है, जिससे सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

---

# सहकारी बैंक के बड़े डिफाल्टर किसानों से मंडी में अनाज बेचने पर भी ऋण वसूली करने के निर्देश



**बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान**

**राजगढ** - कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को आयोजित बैठक में कलेक?टर ने समर्थन मूल?य पर गेहूं उपार्जन के लिए उपार्जन केन?द्रों का निर्धारण एवं उपार्जित गेहूं के भंडारण के लिए वेयर हाउसेस की मेपिंग करने के निर्देश दिए। उन?होंने कहा कि गेहूं उपार्जन के पंजीयन केन?द्रों पर किसानों के पंजीयन के समय सहकारी बैंक के ऋण वसूली की पोर्टल पर एंट्री अवश?य की जाए। साथ ही बैंक के बडे डिफाल?टर किसानों द्वारा कृषि मंडी में फसल बेचने की स्थिति में वहां खरीददार ?यापारियों के माध?यम से ऋण वसूली की ?यवस?था की जाए। बैठक में कलेक?टर ने स?कूली परीक्षाओं के संचालन की भी जानकारी ली। उन?होंने अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछडा वर्ग के विद्याथियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा की। वहीं राशन प्राप?त कर रहे हितग्राहियों एवं सामाजिक सहायता योजना के हितग्राहियों का ई-केवायसी दर्ज करने की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई।

---

# डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज, जिला कलेक्टर, जिला एसपी ने लिया कुबेरेश्वर धाम व्यवस्थाओं का जायजा



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से 3 मार्च तक रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी कलेक्टर सीहोर श्री बाला गुरु के. एवं पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला ने संपूर्ण कथा स्थल का भ्रमण कर कथा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कथा स्थल , पांडाल, भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, लाइट व्यवस्था आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवंपरिवर्तित मार्गों एवं वैकल्पिक मार्गों की जानकारी के लिए पोस्टर बैनर के माध्यम से सूचित करने, कथा के दौरान पेयजल, बिजली,साफ सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एंबुलेंस , फायर ब्रिगेड, कंट्रोल रूम सहायता केंद्र आदि अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग एसडीएम तन्मय मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर निरंजन सिंह राजपूत सहित पुलिस एवं प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

---

# सफलता की कहानी : एनआरसी में आने के बाद बढा वजन, स्वास्थ्य में हुआ सुधार

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनो जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र का भ्रमण कर निर्देश दिये गये थे कि स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाये, इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में अभियान चलाकर कमजोर बच्चों को चिन्हित करते हुए नजदीकी एनआरसी में भर्ती करने का क्रम जारी है। जिससे इन बच्चो के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार परिलक्षित हो रहा है।

बडौदा तहसील के ग्राम बाजरली निवासी श्रीमती सीमा-श्री मांगीलाल की एक वर्षीय पुत्री तमन्ना को गत 15 फरवरी को महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा श्योपुर एनआरसी लाया गया था, तब बालिका का वजन 5.7 किलोग्राम था और बालिका एनीमिया से ग्रसित होने के साथ ही अन्य बीमारियों से पीडित थी, एनआरसी श्योपुर में चिकित्सा विशेषज्ञो एवं डाइटिशियन की देखरेख में उचित उपचार एवं समुचित आहार के बाद बालिका के स्वास्थ्य में सुधार आया है। वर्तमान में बालिका का वजन न केवल 8 किलोग्राम हो गया है बल्कि अन्य बीमारियों से भी निजात मिल गई है।

एनआरसी की डाइटिशियन



निशा परोची ने बताया कि बालिका के स्वास्थ्य में अब 90 फीसदी लाभ दिखाई दे रहा है, आगामी दो से तीन के भीतर बालिका को डिस्चार्ज कर दिया जायेगा। इसके साथ ही बालिका की माँ को उचित खानपान के संबंध में भी परामर्श दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में तीन एनआरसी संचालित है, जिनकी बेड क्षमता 20-20 है, स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर बच्चों को एनआरसी में रखकर उनकी उचित देखभाल की जाती है। एनआरसी में कम से कम 14 दिन के लिए तथा अधिकतम 21 दिवस के लिए बच्चों को देखभाल के लिए रखा जाता है। इस दौरान उन्हें विटामिन, मिनरल्स के साथ ही पोषणयुक्त आहार डाइट प्लान अनुसार प्रदान किया जाता है। डाइटिशियन निशा परोची ने बताया कि सुबह 7 बजे दूध के साथ डाइट की शुरूआत होती है, इसके उपरांत 10 बजे स्पेशल फूड, मूंगफली, मिल्क पावडर, शक्कर, कॉकनट का मिश्रण तथा 11 बजे दलिया खिचडी या हलवा, 01 बजे दूध, 04 बजे फिर से स्पेशल फूड, 07 बजे दलिया, खिचडी या हलवा और रात 10 बजे स्पेशल फूड प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही शिशुरोग विशेषज्ञ बीमारी अनुसार उपचार के लिए दवाई भी नियमित रूप से दी जाती है।

महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों दिये गये निर्देशो के अनुसार आंगनबाडी केन्द्रों पर वजन अभियान चलाकर बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराने की प्रक्रिया जारी है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है।

---

# सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला आयोजित

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



जिला स्तरीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में इको क्लब अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विधालय के 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य दीपसिंह राठौर,उप प्राचार्य श्री प्रकाश सगवालिया,इको क्लब प्रभारी शिक्षक श्री कृष्ण गोपाल पुरोहित, श्री राकेश वर्मा, श्री विजय वर्मा , श्री सुमित राठौर, राजेन्द्र बड़ोदिया श्रीमती रजिया निलोफर आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सर्व प्रथम पंजीयन उपरांत कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया उसके पश्चात विषय विशेषज्ञ श्री विजय वर्मा, श्री राकेश वर्मा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई । छात्र छात्राओं द्वारा विचार विमर्श एवं चर्चा की गई तथा अंत में छात्र छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया

---

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता के खिलाफ दर्ज शिकायत को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 99773 65001**



श्योपुर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलतराम गुप्ता के खिलाफ दर्ज शिकायत को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एएसपी सत्येंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। मामला नामांतरण की कार्रवाई को लेकर शुरू हुआ। दौलतराम गुप्ता ने अपने और अपनी पत्नी कृष्णा गुप्ता के नाम से प्लॉट के नामांतरण के लिए आवेदन किया था। 17 फरवरी तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर वे अपने साथी मनोज प्रजापति और किशन सोनी के साथ नगरपालिका पहुंचे। नगरपालिका में शिशुपाल सिंह तोमर और सुनीश डंडोतिया से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने गाली-गलौज की और कहा कि नगरपालिका में काम उनकी मर्जी से होता है। कथित तौर पर हाथापाई की कोशिश भी की गई, जिसे मनोज और किशन ने रोका।

इसके बाद सीएमओ ने सुनीश डंडोतिया की शिकायत पर दौलतराम के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज करा दी। कांग्रेस का कहना है कि यह शिकायत झूठी है। दौलतराम केवल अपने मकान और प्लॉट के नामांतरण के लिए गए थे। कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही सुनीश डंडोतिया और शिशुपाल सिंह तोमर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन किया जाएगा।

---

# किसानों के दल को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से किसानो के दल को हरी झंडी दिखाकर कृषि विश्वविद्यालय ग्वलियर में आयोजित किसान मेले में सहभागिता के लिए रवाना किया गया। फार्मटेक एशिया द्वारा अखिल भारतीय कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में किया जा रहा है। जिले के उन्नतशील महिला एवं पुरूष किसानों को उक्त मेले में भागीदारी के लिए श्योपुर से रवाना किया गया। ग्वालियर में आयोजित उक्त मेले के माध्यम से किसानो के दल को प्राकृतिक एवं जैविक खेती और कृषि आधारित उद्योगो का अवलोकन कराया जायेगा तथा खेती में नवीन एवं उन्नत तकनीकी के इस्तेमाल की जानकारी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, डॉ लाखन सिंह, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# डा जैन राष्ट्रीय सोयाबीन ग्रुप मीट में हुए सम्मानित

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर** - राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान प्रोजेक्ट में पदस्त डा आर सी द्वजैन ,मुख्य वैज्ञानिक मृदा विज्ञान एवं माइक्रोबायोलॉजी पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित 55 वी राष्ट्रीय ग्रुप मीट में उनके कृषि अनुसंधान ,शिक्षा ,और प्रसार के क्षेत्र अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अस्सिटेंट डायरेक्टर जनरल डा संजीव गुप्ता ,नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोयाबीन के निदेशक डॉ के एच सिंह और राष्ट्रीय मंच ने उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए साल ,श्रीफल और उपलब्धियों के मेडल भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक बधाईयां मंगल शुभ कामनाएं दीं । और उपस्थित उत्कृष्ट भारतीय वैज्ञानिक समूह ,विश्व विद्यालय के कुलगुरू डा अरविंद शुक्ला एवं निदेशक अनुसंधान डा एस के शर्मा ने उनकी इस उपलब्धि पर भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए हर्षित बधाईयां दीं ।

# किसानों के दल को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से किसानो के दल को हरी झंडी दिखाकर कृषि विश्वविद्यालय ग्वलियर में आयोजित किसान मेले में सहभागिता के लिए रवाना किया गया। फार्मटेक एशिया द्वारा अखिल भारतीय कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में किया जा रहा है। जिले के उन्नतशील महिला एवं पुरूष किसानों को उक्त मेले में भागीदारी के लिए श्योपुर से रवाना किया गया। ग्वालियर में आयोजित उक्त मेले के माध्यम से किसानो के दल को प्राकृतिक एवं जैविक खेती और कृषि आधारित उद्योगो का अवलोकन कराया जायेगा तथा खेती में नवीन एवं उन्नत तकनीकी के इस्तेमाल की जानकारी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, डॉ लाखन सिंह, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रीवा की कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग अपराधो मे दो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली अरविन्द सिंह राठौर द्वारा दो अलग-अलग अपराधो मे 02 आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया 7

विवरण-01- मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 12/2/2025 को सूचनाकर्ता अनिकेत सोनी, राहुल सोनी, विजय सोनी द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन पत्र आदित्य सोनी के विरुध्द तीनो दुकानदारो के दुकान से 110 ग्राम सोना विश्वास में बिक्री करने हेतु ले जाकर बाद में सोना को खुर्द बुर्द कर सोना वापस नही करने सम्बन्धी दिये थे जो आवेदन पत्र की जाँच उपरान्त आरोपी आदित्य सोनी पिता नन्दकुमार सोनी के विरुध्द अपराध क्रमांक 95/2025 धारा 316(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर मामले को विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना आरोपी आदित्य सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो लिये गये सोना को दूसरे सोनी के माध्यम से गला देना बताया जिससे मामले धारा 314 बी.एन.एस. का इजाफा किया जाकर कुछ सोना जप्ती किया गया तथा सोना गलाने वाले आदित्य सोनी के साथी को भी आरोपी बनाया गया है जिसकी पता तलास की जा रही है तथा आरोपी आदित्य




सोनी पिता नन्दकुमार सोनी उम्र 20 वर्ष निवासी खड्डा थाना सेमरिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

विवरण 02-दिनांक 19/2/2025 को फरियादिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की राहुल विश्वकर्मा द्वारा रास्ता रोकर छेड़खानी करता है तथा मना करने पर गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देता है। प्राप्त सूचना पर आरोपी राहुल विश्वकर्मा के विरुध्द थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 78,127(2),296,351 (2) बी.एन. एस. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना मामले के आरोपी राहुल विश्वकर्मा पिता लालमन विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी हरदुआ थाना सेमरिया हाल घोघर थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी**-1- आदित्य सोनी पिता नन्दकुमार सोनी उम्र 20 वर्ष निवासी खड्डा थाना सेमरिया 2- राहुल विश्वकर्मा पिता लालमन विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी हरदुआ थाना सेमरिया हाल घोघर थाना कोतवालीमहत्वपूर्ण भूमिका-थाना प्रभारी कोतवाली अरविन्द सिंह राठौर, उप निरी सुशीला साकेत, स.उ.नि गिरजा पाण्डेय, प्र.आर. जितेन्द्र सेन, प्र.आर अनिल विश्वकर्मा, प्र.आर. सुशील शर्मा, प्र.आर राजकुमार तिवारी, प्र.आर. सुमन चौधरी, प्र.आर. विनोद तिवारी, प्र.आर. आर.डी पटेल, प्र.आर. लेखराज सिंह, प्र.आर. बलराम पासी, आर. सुधीर शुक्ला आर, संजीत यादव, आर. रवि पाण्डेय, आर. अभिषेक सिंह, आर, रज्जन कुम्हार, आर, अश्वनी सिंह, आर, जितेद्र रघुबंसी, आर, भगतराम सिलावट

# देश के चौथे स्तंभ पत्रकार भी अब मैहर में सुरक्षित नहीं मैहर जिला प्रशासन सो रहा कुंभकरणी नींद में

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान





खबर/ मैहर जिले से मां शारदा देवी रोपवे मैनेजर अशरफ जब से आए हैं तब से रोपवे में आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है , दर्शन करने आए हुए दर्शनार्थीयों के साथ रोपवे के गार्ड करते हैं अभद्र भाषा का प्रयोग , मैनेजर अशरफ के रोपवे कर्मचारी के द्वारा हाथ पकड़ कर पत्रकार कि आईडी देखने को लेकर आईडी तोड़ने की कोशिश की गई रोपवे कर्मचारी द्वारा किये गये कृत पर पत्रकार संजय गौतम ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है , अब देखने योग्य होगा कि क्या कार्यवाही मैहर जिला प्रशासन करता है या सड़कों पर उतर कर करना पड़ेगा प्रदर्शन।

# आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि एवं होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठकों का आयोजन

दीपक बंशपाल केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो



**बालाघाट।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री नगेंद्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री विजय डावर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर श्री के एल बंजारे के मार्गदर्शन मे समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाना अनुविभाग स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई । शांति समिति की बैठकों मे महाशिवरात्रि पर्व एवं होली के दौरान किसी भी प्रकार का विध्न न हो एवं सुचारू व्यवस्था बनाए जाने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नगर पालिका नगर परिषद् एवं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

शांति समिति की बैठकों मे स्थानीय समुदायों के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ डी जे संचालक उपस्थित हुए जिन्हे प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार त्यौहार मनाने हेतु बताया गया ।

थाना कोतवाली अंर्तगत दिनांक 25 फरवरी को शिव बारात शाम 05 बजे एवं दिनांक 26 फरवरी को शोभायात्रा चल समारोह शाम 05 बजे के आयोजन के संबंध मे नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली कराहलिया द्वारा आयोजकों से यात्रा के मार्ग व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के विषय मे विस्तृत चर्चा कर पुलिस अधीक्षक महोदय के आवश्यक दिशानिर्देश दिए । बैठक मे आयोजक, डी. जे . संचालक , थाना प्रभारी कोतवाली निरी. प्रकाश वास्कले एवं यातायात प्रभारी उनि आकाश शर्मा उपस्थित रहे । पुलिस प्रशासन द्वारा मीडिया के माध्यम से सभी नागरिकों से भी अपील करती है कि सोशल मीडिया मे किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारियों को शेयर न करें ।

# रीवा : ज्योति किंडर गार्डन स्कूल में 5 साल के बच्चे के साथ अमानवीय व्यवहार, स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




रीवा- ज्योति किंडर गार्डन स्कूल में पढ़ने वाले 5 वर्षीय बच्चे के साथ अमानवीय व्यवहार करने के आरोप में स्कूल प्राचार्य, क्लास टीचर और आया के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और साक्ष्य एकत्र करने में जुटी हुई है.

ज्योति किंडर गार्डन स्कूल, जो शहर के बोदाबाग क्षेत्र में संचालित होता है, वहां एक छात्र ने क्लासरूम में कपड़े गंदे कर दिए थे. इस पर विद्यालय के स्टाफ ने बच्चे के कपड़े उतरवाकर भीषण ठंड में उसे निर्वस्त्र खड़ा कर दिया. इस अमानवीय कृत्य को लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों में आक्रोश फैल गया. प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के सामने विरोध जताते हुए प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी.

**पुलिस ने दर्ज किया मामला** : बच्चे के परिजनों ने इस पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी. जांच के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर स्कूल प्राचार्य अनिल एंटोनी, क्लास टीचर उर्वशी महेंद्र और आया विद्यावती को नामजद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान** : इस घटना को लेकर मानव अधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया है और मामले में कलेक्टर एवं एसपी को तलब किया है. नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विद्यालय में एक बच्चे को ठंड में निर्वस्त्र खड़ा किया गया था, जिसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच की. शिकायत सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और आगे जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम के जल से अभिषेक करेंगे पुजारी डॉ दिनेश गुरुजी

## वसुधैव कुटुंबकम को साकार कर रहे प्रयागराज में अखिल भारतीय महाकाल भक्त मंडल के लिए डुबकी लगाकर की मंगल कामना

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**प्रयागराज/उज्जैन।** मध्य प्रदेश में उज्जैन स्थित तृतीय ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी डॉ दिनेश गुरूजी ने विश्व प्रसिद्ध सनातन के पर्व महाकुंभ पर्व 2025 के तहत प्रयागराज में डुबकी लगाकर समस्त अखिल भारतीय महाकाल भक्त मंडल के लिए मंगल कामना की। इस दौरान यहां त्रिवेणी संगम का जल भी लिया, जिससे वे महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा श्रीमहाकाल का विशेष जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की प्रार्थना करेंगे। डॉ दिनेश गुरु जी के साथ भक्त मंडल के अनेक राज्यों से आए शिष्य यजमान भी साथ रहे। डॉ दिनेश गुरूजी ने बताया कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक एवं ज्योतिषीय पक्ष भी है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद या आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। निश्चित ही यह पीएम नरेंद्र मोदीजी एवं यूपी के सीएम योगीजी की डबल इंजन सरकार तथा प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार कर रहे महाकुंभ का यह विश्व स्तरीय ऐतिहासिक पर्व हमें आत्म शुद्धि, परोपकार व सामाजिक सद्भाव का भी संदेश देता है। दिनेश गुरूजी ने यह भी कहा कि समस्त देशवासियों मुख्य रूप से सनातन धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत गौरव का पर्व है, जहां विदेशी पर्यटकों द्वारा यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने का शुभ अवसर मिला है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा। प्रयागराज में स्नान पर्व पूजन के बाद पुजारीजी ने अयोध्या पहुंच कर भगवान रामलला के दर्शन किए। गुरु भक्त ज्वाला सोनी ने बताया कि भाजपा से पूर्व सांसद ललूसिंह सहित अनेक नेताओं को पुजारीजी ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# नोहलेश्वर महोत्सव मेला सिर्फ आज की मेहनत नहीं है, इसमें महीनों की मेहनत लगी है-पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल

## प्रदेश में यह पहला प्रयोग है, महोत्सव में हैलीकॉप्टर राइड की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया-संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)लखन पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी एवं विधायक हटा उमादेवी खटीक ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्रीद्वय, सांसद एवं विधायक ने प्रदेश की जानीमानी भजन गायिका शहनाज अख्तर को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। आयोजक समिति के अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव यह मेला सिर्फ आज की मेहनत नहीं है, इसमें महीनों की मेहनत लगी हुई है, मेले के पीछे जो लोग काम करते हैं वह दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन उन सभी की मेहनत आज रंग ला रही है। उन्होंने कहा यहां पर पुरातत्व विभाग की प्रदर्शनी लगी है, उसमें पुरातत्व के समय का ज्ञानवर्धन करने का मौका मिला। 26 फरवरी तक यह कार्यक्रम चलेगा,

# परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष और बिना किसी अवैधानिक कृत्य के संपन्न हो इसके लिये अच्छी तैयारियां की गई है-कलेक्टर श्री कोचर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज 25 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से आयोजित 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है। आज कक्षा 12 वीं की परीक्षा के तहत हिंदी का पहला पेपर है और इसी के साथ परीक्षा का शुभारंभ हो जाएगा, 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक पेपर चलने वाले हैं। परीक्षाएं बहुत शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष और बिना किसी अवैधानिक कृत्य के संपन्न हो, इसके लिये अच्छी तैयारियां की गई है। पहली बार जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों को सी.सी.टी.वी. से लैस किया है और इसका पूरा कंट्रोल रूम जे.पी.बी. स्कूल में बनाया है, परीक्षा की अवधि में पूरे 84 केन्द्रों की मॉनिटरिंग यहीं से की जायेगी, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी परीक्षाओं में ना हो पाये। आज पहला पेपर कक्षा 12 वीं के हिंदी विषय का है, इसके लिए 12 वीं के सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर श्री कोचर ने अपनी ओर से और पूरे जिला प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा आज के पेपर में विद्यार्थी बहुत अच्छा करके आए, खूब मेहनत करें, खूब शांति से पेपर दें, पेपर देते समय बिल्कुल भी हड़बड़ी न करें, विद्यार्थियों पूरी साल भर आप सबने पढ़ाई की है, तो परीक्षा उसका परिणाम देगी, इस पर पूरा भरोसा रखें। परीक्षा कक्षा में जब असुविधा जनक लगे तो एक गहरी सांस लें, इससे तनाव मुक्त होकर परीक्षा दे सकेंगे, किसी भी प्रकार के अवैधानिक साधन का इस्तेमाल न करें, काई भी शॉर्टकट ना अपनाए, नकल करने का प्रयास न क

# आज 25 फरवरी पंचायत कार्यालय में मतदाताओं के आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - पंचायतो के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा आज 25 फरवरी तक प्रातः 10 बजे से शाम 03 बजे तक पंचायत कार्यालय में मतदाताओं से आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि हैं। ज्ञात हो कि जनपद हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 के अंतर्गत आने वाली तीनों ग्राम पंचायत बलेह, गर्रेह एवं गैसाबाद में पंचायत स्तर पर पंचायतो के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण

# भारतीय मजदूर संघ का युवा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, युवा कार्यकर्ताओं को सफलता के मंत्र बताए

केसरिया हिंदुस्तान



बैतूल। भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश ने रविवार को भोपाल में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत माता चौराहे स्थित संघ के प्रदेश कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें बैतूल जिले से भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख विनय डोंगरे के नेतृत्व प्रतिनिधि शामिल हुए। विभाग प्रमुख विनय डोंगरे ने बताया कि प्रदेशके श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संगठन की कार्यपद्धति से परिचित कराना था। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह और प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सम्मेलन में युवा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक सशक्तिकरण का प्रशिक्षण एवं श्रमिक हितों और औद्योगिक विकास में उनकी भूमिका पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस सम्मेलन में संविदा महासंघ के अध्यक्ष डैनी गौड़, महामंत्री ऋषभ जैन, संविदा संयोजक योगेंद्र दवंडे, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ.गोविंद प्रसाद साहू भी अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ उपस्थित थे। सम्मेलन में नेताओं ने युवा कार्यकर्ताओं को सफलता के मंत्र बताए।

# सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व चंदला के पूर्व विधायक विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने दो दिवसीय फ्री मेडिकल कैंप का किया समापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



**बांदा।**- स्टोन क्रेशर संचालकों के द्वारा जरर क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय फ्री मेडिकल कैम्प का समापन सदर विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी एवं चंदला के पूर्व विधायक विजय बहादुर सिंह बुन्देला ने संयुक्त रूप से किया। सदर विधायक के द्वारा कुंवर विनोद राजा से कहा गया कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर क्षेत्र वासियों के बीच में होते रहने चाहिए,आवश्यकता पड़ने पर मैं आपके साथ हमेशा रहूंगा।नेता द्वा तथा क्षेत्रवासियों ने मुक्त कंठ से कैम्प की सराहना की। इस मौके पर भाजपा महुआ मण्डल अध्यक्ष प्रेमस्वरूप द्विवेदी, प्रोफेसर डॉ नीरज शुक्ला, बच्चा भैया, अरुण प्रताप सिंह ,रूप नारायण त्रिपाठी, बिलाल अहमद, डॉ कमलेश निगम, डॉ देव तिवारी, हनुमान दास राजपूत,लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, समीर सिंह ,गुड्डू भैया,अजीत सिंह, सहित क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी व वरिष्ठ खनिज अधिवक्ता मनोज कुमार त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ज्ञातव्य है कि इस नि:शुल्क जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इंडस स्टोन क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मल्होत्रा ब्रदर्स, मेसर्स एसोसिएटेड वेंचर्स, मेसर्स यूरेका माइंस एण्ड मिनरल्स एल एल पी, मेसर्स कुंवर विनोद राजा आदि ने सामूहिक रूप से किया जिसमें एक हजार लोगों का फ्री इलाज किया गया। साथ ही गणमान्य लोगों को माल्यार्पण व साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कैम्प के वरिष्ठ आयोजक कुंवर विनोद राजा ने कहा कि ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम से उनके ग्रुप को बहुत ही आत्मसंतोष हुआ है। कैंप को सफल बनाने के लिए 20 गांव के लगभग 1000 क्षेत्र वासियों ने चरण बढ़कर के हिस्सा लिया व दो दिवसीय फ्री मेडिकल कैंप का लाभ भी उठाया।ग्राम वासी राजुल यादव, राजबहादुर यादव,नीरज मिश्रा, दिनेश अग्निहोत्री, ठाकुर अवधेश सिंह,नरेंद्र कुमार निगम सहित समस्त ग्रामवासी व महिला पुरुष इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम समापन के बाद आयोजक व समस्त डॉक्टर को ग्राम वासियों ने आभार व्यक्त किया।दो दिवसीय फ्री मेडिकल चेकअप समाज हित में रहा !

# त्रिदिवसीय ग्रामीण स्तरीय कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से**



आज दिनांक 23 फरवरी को ग्राम सिहोरवा उत्तरी में ग्रामीण स्तरीय कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर महामना मालवीय गंगा शोध केंद्र, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, व प्रभु नारायण सिंह, चेयरमैन ट्रू वैली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव प्रसाद गुप्त, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल कर रहे थे। प्रतियोगिता में सिहोरवा एवं आसपास के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्रथम दिन प्रतियोगिता में ग्रुप ए कक्षा 6 से 8 तक व ग्रुप बी में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने जल संरक्षण एवं जल ही जीवन थीम पर अपने विचारों को बेहतर चित्र के माध्यम से ड्राइंग शीट पर उकेरा। सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन सिहोरवां सचिवालय में प्रदर्शनी लगाकर किया गया जिसमें सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को अपने दृष्टिकोण से मूल्यांकन करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का परिणाम निकाला। सभी प्रतिभागियों को महामना मालवीय गंगा शोध केंद्र काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिकेट, मोमेंटो एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में दूसरे दिन ग्रामीण लोगों के लिए मुफ्त में स्वास्थ्य परीक्षण हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने बताया कि आज जीवन में जल का महत्व सभी के लिए बहुत आवश्यक है। इस तरह की प्रतियोगिता ग्रामीण स्तर पर होने से गांव में भी जागरूकता आएगी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर ने प्रतियोगिता के महत्व को जाते हुए बताया कि हमारा बीएचयू सेंटर पर्यावरण संरक्षण, गंगा जागरूकता, जल बचाओ मिशन पर लगातार प्रतियोगिता करके होनहार बच्चों को ग्रामीण स्तर से जिला स्तर एवं राज्य स्तर तक ले जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिव प्रसाद गुप्त ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में ट्रू वैली के अध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन यूथ आईकॉन डॉ नंदकिशोर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश प्रजापति एवं गंगामित्र समन्वयक धर्मेंद्र कुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में गंगामित्र संदीप राजभर, संघमित्रा, नीतू पटेल, अरविंद सिंह रावत,अभय कुमार राय, चंद्रेश कुमार, घनश्याम कुमार आदि ने किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान सिहोरवा,अभय कुमार,शिव शंकर एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

# समाजवादी चिंतक बप्पा स्वर्गीय रामदुलारे रावत की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई

## पुण्यतिथि पर पहुंची सांसद तनुज पुनिया की धर्मपत्नी श्रद्धा पुनिया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता**



**बाराबंकी।** जिले के प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक बप्पा के नाम से प्रख्यात रहे स्वर्गीय रामदुलारे रावत की दूसरी पुण्यतिथि उनके समाधि स्थल कोटवाधाम में मनाई गई। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप,पूर्व विधायक रामगोपाल रावत,धीरेन्द्र वर्मा,राजा हडाहा रितेश कुमार सिंह,ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, सांसद तनुज पुनिया की पत्नी श्रद्धा पुनिया,सदस्य जिला पंचायत विजय कुमार यादव एडवोकेट अश्वनी कुमार यादव, पूर्व सदस्य जिला पंचायत जैश्रीराम रावत,रिंकू तिवारी पन्डित बेचन लाल दीक्षित कवि प्रेम नारायण वर्मा प्रेम जी, निसार मेंहदी,प्रधान अनीता गौतम,गुड़िया देवी, विद्या रावत आदि ने स्वर्गीय रामदुलारे रावत की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि स्वर्गीय रामदुलारे रावत ने सदैव गरीब किसान दलित, मजलूमों के लिए संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाया। उनकी कमी आज पार्टी को खल रही है।उन्होंने कहा कि मास्टर रामदुलारे रावत जी के बेटे उन्हीं के पग चिह्नों पर चलकर समाज के गरीब तबके को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राजा रितेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे पिता राजा साहेब व मास्टर रामदुलारे रावत हमेशा एक प्रकार की राजनीति करते थे। हडाहा और कोटवाधाम का जो अटूट विश्वास था वह आगे भी कायम रहेगा। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा बाबू और रामदुलारे रावत जी सदैव दबे कुचले मजलूमों को हक हकूक दिलवाने की राजनीति करते थे आज हम उनकी कमी महसूस कर रहे हैं।किन्तु जिस प्रकार बाबू जी मास्टर साहब गरीबों का काम करते थे उसी प्रकार जन सेवा को हम लोग तत्पर्य है। सांसद तनुज पुनिया की पत्नी श्रद्धा पुनिया ने कहा कि हम सभी लोग पूर्वजों के पग चिह्नों पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर निसार मेंहदी,धीरेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र प्रधान,हसमत अली गुड्डू,चन्द्र प्रकाश राजवंशी, राजित राम रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष पासी यूनियन,उमेश कुमार रावत सन्तोष राष्ट्रीय अध्यक्ष पासी उत्थान समिति आदि ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर सविता रावत,बेचन लाल दीक्षित,दुर्गेश दीक्षित,साहेब प्रसाद यादव, राजन सिंह,मुनीष सिंह,अजय कुमार रावत विक्की सहित बडी संख्या में स्वर्गीय रामदुलारे के अनुयायी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला पांडेय संभालेगी मुंडा की कमान

**कमलेश रजक ब्यूरो चीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**बलौदाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव 23 फरवरी को बलौदाबाजार एवं पलारी विकासखंड में संपन्न हुआ। सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक हुए मतदान केंद्र में मतदान करने वाले युवा और अपने आखिरी पड़ाव में पहुंचने वाले बुजुर्ग मतदाता गांव के सरकार बनाने कतार में खड़े नजर आए। मतदान करने वालों में महिलाओं की संख्या हर बूथ में नजर आ रही थी। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चों को गोद में लिए तो कहीं उम्र दराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केन्द्रों में लेते नजर आए।

बलौदाबाजार जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित सरपंच पद के लिए इस बार ग्राम पंचायत मुंडा से पांच एवं आश्रित गांव ढनढनी से एक सहित 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े हुए थे। वही भारी गहमा गहमी के बीच अंततः सरपंच पद पर सेवानिवृत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी दीदी के नाम से गांव में मशहूर शशिकला पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जाम बाई रात्रे को हराकर सरपंच पद पर निर्वाचित हुई।

20 वार्ड एवं लगभग 2200 मतदाता वाले आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित सरपंच पद के लिए 06 प्रत्याशी खड़े हुए थे। ग्राम पंचायत मुंडा में दो मतदान केंद्र एवं आश्रित गांव ढनढनी में एक मतदान केंद्र बनाया गया था। इन 06 प्रत्याशियों में से शशिकला पांडेय जामबाई रात्रे एवं गिरिजा बाई वर्मा को सरपंच बनाने मतदाताओं की नज़रें टिकी हुई थी। वही सुबह से लेकर शाम तक चले लहर और गहमा गहमी के बीच मुन्नी दीदी के नाम से मशहूर शशिकला पांडेय को मतदान केंद्र क्रमांक 143 में 248 मत मतदान केंद्र क्रमांक 144 में 292 एवं मतदान केंद्र क्रमांक 145 में 32 वोट सहित कुल 572 मत मिले वही जाम बाई रात्रे को मतदान केंद्र क्रमांक 143 में 117 मतदान केंद्र क्रमांक 144 में 28 एवं मतदान केंद्र क्रमांक 145 में 360 वोट सहित कुल 505 मत मिले। इस तरह सुबह से लेकर देर रात तक चले भारी गहमा गहमी के बीच अंततः मुन्नी दीदी शशिकला पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जामबाई रात्रे को 67 मतों से पराजित कर सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई। देर रात तक मतदान केंद्र के बाहर खड़े शशिकला पांडेय के समर्थकों को जैसे ही जीत की खबर मिली मुन्नी दीदी जिंदाबाद के नारा लगाते एवं आतिशबाजी करते हुए उनके घर तक पहुंचे और गुलाल लगाकर जीत की जश्न मनाया गया वहीं रात को ही नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ गांव के महावीर मंदिर एवं महामाया मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

# दास्तान-ए-अख्तरी व कबीर कैफे की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ सैक्रेड अमृतसर-2025 का जादुई समापन!

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**



**अमृतसर।** दास्तान-ए-अख्तरी व कबीर कैफे की जादुई प्रस्तुति के साथ स्लीपवेल द्वारा प्रस्तुत द सेक्रेड अमृतसर के तीसरे संस्करण का समापन हो गया। आखिरी दिन मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियाँ, ज्ञानवर्धक बातचीत और गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदर्शित हुए। अपने अविस्मरणीय प्रदर्शन, विचारोत्तेजक चर्चाओं और गहन अनुभवों के साथ, सेक्रेड अमृतसर 2025 ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और इसके 2026 संस्करण के लिए बड़ी प्रत्याशा है।

23 फरवरी सुबह की शुरुआत सरोवर प्रीमियर में शानदार तरीके से हुई, जहां दर्शकों को देबप्रिया अधिकारी, समन्वय सरकार और सोहोन घोष के गायन, सितार और तबले की मनमोहक प्रस्तुति ए सेक्रेड कन्वर्सेशन का आनंद मिला। उनकी मनमोहक धुनों ने दिन की एक ध्यानपूर्ण और शांत शुरुआत की, जो आने वाले समय के लिए एकदम सही स्वर स्थापित कर रही थी। सुबह के संगीत सत्र के बाद, प्रतिनिधि विशेष रूप से तैयार किए गए विरासत पथों पर रवाना हुए। शहर के जाने-माने इतिहासकार तरूणदीप सिंह ने उन्हें अमृतसर की मशहूर सडक़ों से गुजारा, पवित्र गुरुद्वारों, ऐतिहासिक कतरों, पुरानी हवेलियों, पारंपरिक व्यंजनों और बहुत कुछ के माध्यम से इसके विविध अतीत का खुलासा किया। दोपहर में स्वर्ण मंदिर का दौरा और विभाजन संग्रहालय का निर्देशित दौरा शामिल था, जिससे प्रतिनिधियों को शहर के समृद्ध और बहुमुखी इतिहास का अनुभव हुआ। विभाजन संग्रहालय में दोपहर के सत्र में प्रशंसित लेखिका और मौखिक इतिहासकार आंचल मल्होत्रा ने संजय के. रॉय के साथ %विभाजन की विरासत% पर चर्चा की।

जैसे ही सूरज डूबा, गोबिंदगढ़ किला संगीत और कहानी कहने की एक शाम के लिए एक लुभावनी जगह में बदल गया। रात की शुरुआत पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा प्रस्तुत दास्तान-ए-अख्तरी- द टेल ऑफ़ बेगम अख्तर% के साथ हुई, साथ ही कवि यतींद्र मिश्रा का सुंदर कथन भी। उत्सव का समापन नीरज आर्य के कबीर कैफे, एक नव-लोक संलयन बैंड के साथ हुआ, जिसने रॉक, रेगे, पॉप और कर्नाटक प्रभावों के मिश्रण से संत कबीर की कालातीत कविता को जीवंत कर दिया।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा की गोपनीय सामग्री का किया गया

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 की परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के गोपनीय सामग्री का थानावार, केन्द्रवार एवं विकासखण्डवार 24 फरवरी 2025 को समन्वय केन्द्र पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय बहुउद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार से वितरण किया गया।

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण सोनकर नें बताया कि 24 फरवरी को विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत परीक्षा केन्द्र 23, भाटापारा 20, पलारी 27 एवं सिमगा में 2 परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि.जरौद एवं शासकीय उ.मा.वि. रोहरा हेतु वितरण किया गया।इसी तरह 25 फरवरी को विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत 30 एवं सिमगा के 20 परीक्षा केन्द्र हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण किया जायेगा। गोपनीय सामग्रियों को समाबंधित थाने में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। इस दौरान डीईओ हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# धर्म परिवर्तन करवाने वाले गिरोह के छः सदस्य गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा आज मोहल्ला हरगांव गंज धर्म परिवर्तन कराये जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर पर पंजीकृत मु.अ.सं.55/24 धारा 127(2) बीएनएस व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 में कुल 06 अभियुक्तों .सुरेश चन्द्र पुत्र सटल्लू उत्तम बाल्मीकि पुत्र स्व0 अशर्फीलाल 3.नूतन कुमार पत्नी सुरेश चन्द्र निवासीगण मो0 हरगांव गंज थाना हरगांव 4.विनीत कुमार रैदास पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम सहदेवपुरवा थाना हरगांव 5.मीना देवी पत्नी स्व0 सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम रक्शा थाना हरगांव 6.लाडली पुत्री श्रीकृष्ण निवासी ग्राम मडिया थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों से मौके से कुल 06 अदद बाइबिल , 01 अदद मंजीरा व एक अदद झुनझुनी बरामद हुयी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने किया निरीक्षण

## छात्राओं से की बातचीत, भोजन और सुविधाओं की जांच की

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने रविवार को सीतापुर के विकास खंड गोंदलामऊ स्थित ब्रम्हावली गांव के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। डॉ. मौर्या ने कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं से शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। आयोग की सदस्य ने विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए छात्राओं और स्टाफ के साथ भोजन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने किचन, शौचालय, शयन कक्ष और कंप्यूटर लैब का भी मुआयना किया। सभी छात्राएं नियमित ड्रेस में मिलीं, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सीमी निगार, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र मौर्य, डीसी बालिका सुनती रोहेला, सहायक लेखाकार अमरेश, राहुल सिंह और वार्डन उपासना गौतम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



**27 को प्रियंका मौर्या सुनेगी महिला उत्पीड़न की समस्याएं करेगी समीक्षा :-**

जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदकों की सुगमता की दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा सीतापुर, में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं के निराकरण हेतु नामित सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में दिनांक 27 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद सीतापुर के जिला मंत्री बने - हँसराज वर्मा

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री पद का चुनाव 24 फरवरी 2025 को शिक्षक भवन बिजवार में हुआ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक निर्वाचन हेतु। शिक्षक भवन बिजवार पर जिला मंत्री के पद पर आयोजित चुनाव के लिए प्रान्त से पधारे चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय मंत्री बृजेश पांडे, माण्डलिक मंत्री राजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष रायबरेली आदित्य पाण्डेय की देखरेख में प्रांतीय कार्य समिति के निर्देशानुरूप 24 फरवरी 2025 जिला मंत्री पद का चुनाव कराया गया। जिला मंत्री के पद हेतु हंसराज वर्मा (अध्यक्ष



महमूदाबाद) एवं पवन कुमार सिंह (अध्यक्ष खैराबाद) के बीच चुनाव हुआ। मतदान सुबह 11:00 बजे से आरंभ होकर दोपहर 3:00 बजे तक हुआ। उसके बाद मतगणना की गई। मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 1046 है। जिसमें कुल 995 मत पड़े। जिला मंत्री पद पर हँसराज वर्मा को 639 मत मिले व पवन कुमार सिंह को 355 मत मिले। 01 मत अवैध रहा।चुनाव पर्यवेक्षक ने हंसराज वर्मा को 284 मतों से विजयी घोषित किया। जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित ने हंसराज वर्मा को बधाई दी। शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई । अध्यक्ष - मंत्री, डेलिगेट्स व शिक्षकों ने हंसराज वर्मा को जीत की बधाई दी। नवनिर्वाचित जिला मंत्री हंसराज वर्मा ने अध्यक्ष-मंत्री डेलीगेट्स व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नियमों की अनदेखी करने वालों को दिया गया अर्थदण्ड

**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के मुख्य चैराहों पर यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान रविवार को दो वाहनों सीज किया गया वहीं यातायात व्यवस्था को ठेंगा दिखा कर फर्राटा भर रहे (18) वाहनों पर (46,000रु0) रुपये का ई चालान किया गया है। स्थानीय कस्बे के महमूदाबाद चैराहा तथा कमल तिराहा एवं बिसवां चैराहा पर वाहन चेकिंग की गई। यातायात निरीक्षक दक्षिणी विनोद कुमार यादव ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर (18 )वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों के विरुद्ध धारा 207 एमबी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 46,000 रूपए का ई-चालान किया गया है।

### कप्तान ने की जनसुनवाई



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी नही होनी चाहिए। हर समस्या का समाधान गुणवत्ता परक तरीके से हो।

### कृषिकों ने सीधा प्रसारण एलडीए पर देखा गया

**सिधौली -सीतापुर।** ब्लॉक सभागार में सोमवार को कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान सम्मान निधि की(19) वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय के साथ अधिकारियों सहित सैकड़ों कृषिकों ने सीधा प्रसारण एलडीए पर देखा गया। खंड विकास कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि योगेश शर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी सहित सैकड़ो कृषकों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की (19) वीं किस्त बिहार राज्य के भागलपुर से जारी की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी पर दिखाया गया।

### बेहरमी से किसान की पिटाई, हुई दर्दनाक मौत

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में एक किसान की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मुडियाकैल निवासी रामकिशोर के रूप में हुई है। रामकिशोर अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान नटपुरवा मजरा फत्तेपुर के धर्मेंद्र, उसकी पत्नी रीता, धर्मेंद्र की भाभी, रिंकू, पिंकू और लवकुश वहां पहुंचे। मृतक की पत्नी गायत्री का आरोप है कि इन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले रामकिशोर को नशीला पदार्थ पिलाया। फिर उन्हें अपने गांव ले जाकर मारपीट की।मौके पर मुडियाकैल के दो लोग ओमप्रकाश और सतीश पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव किया। घायल रामकिशोर को परिजन सीएचसी गोंदलामऊ ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक की पत्नी गायत्री ने सोमवार को संदना थाने में 6 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष चन्द्रभान यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक




**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अग्रणी जिला प्रबंधक सीतापुर, प्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, विकास विभाग से सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के प्रारम्भ में अग्रणी जिला प्रबंधक महोदय ने अध्यक्षएवं उपस्थित अधिकारियों सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बैठक को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम सभी बैंकों के ऋण जमा अनुपात पर चर्चा की, जिस पर जिलाधिकारी ने 60 प्रतिशत से कम ऋण जमा अनुपात होने पर आर्यावर्त बैंक के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैंको को ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु अपनायी जाने वाली रणनीत की मांग की। जिलाधिकारी ने बैंकों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरण के लिए निर्देशित किया साथ ही पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि निरस्त आवेदनों पर पुनः विचार कर बैंको में प्रेषित की जाये।

### तहसील मुख्यालय से बाइक चोरी

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कोतवाली के सामने से सोमवार दोपहर के समय सार्वजनिक शौचालय में मोटरसाइकिल खड़ी कर शौच के लिए गए पूर्व प्रधान बरेठी की मोटरसाइकिल हुई चोरी। पूर्व प्रधान बरेठी विनोद कुमार अपनी मोटरसाइकिल सं0 यु पी34 ए एन 3375 स्पलेंडर प्लस काले रंग से किसी काम से सोमवार को तहसील आए थे। कोतवाली के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय के सामने ने मोटरसाइकिल खड़ी कर शौच के लिए गए थे। थाना कमलापुर के ग्राम बरेठी मजरा न्योराजपुर निवासी पूर्व प्रधान विनोद कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि कस्बे के कोतवाली के सामने बने सार्वजनिक शौचालय के पास अपनी बाइक लाक खड़ी कर शौच के लिए गया था वापस आने पर उस जगह से बाइक गायब मिली। उन्होंने बताया कि काफी देर इधर उधर तलाश करने के बावजूद बाइक नहीं मिली पीड़ित ने कारवाई की मांग की है।

# बाथम वैश्य समाज द्वारा आयोजित की गई सभा

## कार्यक्रम में किया गया बाथम समाज के लोगों का सम्मान

**खैराबाद-सीतापुर।** बॉथम वैश्य सभा खैराबाद द्वारा होली मिलन समारोह के संदर्भ में एक भव्य बैठक चंद्रा मैरिज लॉन में संपन्न हुई जिसमें होली मिलन समारोह 19.मार्च 2025 दिन बुधवार चंद्रा गेस्ट हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ समाज के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने संबोधन में आयोजन की सराहना की व शुभकामनाएं दी साथ ही स्वाजातीय बंधुओं को एकजुट रहने व समाज की उन्नति का संदेश दिया।नगर पालिका परिषद खैराबाद अभिषेक गुप्ता बबलू भैया द्वारा एक है तो सेफ निर्देशित किया गया कार्यक्रम




में पूरे जिले से वैश्य समाज को एकत्रित करने पर भी चर्चा हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉथम वैश्य सभा अध्यक्ष विमल कुमार गुप्ता ने की कार्यक्रम में सम्मिलित हुए समाज के सभी व्यक्तियों का अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं बाथम वैश्य सभा खैराबाद की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मंडल जगदीश कुमार गुप्ता( पूर्व बॉथम वैश्य सभा अध्यक्ष) बाबूराम बॉथम राजकुमार गुप्ता (राजू) निरंकार गुप्ता छन्नू लाल गुप्ता राजकुमार गुप्ता अशोक गुप्ता रामप्रताप गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता व समस्त बॉथम वैश्य समाज के लोग उपस्थित हुए ।

# बीडीओ और एडीओ पंचायत द्वारा जीते हुए उम्मीदवारों को दिलाई जायेगी शपथ

**सीतापुर ।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने बताया कि अपर जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पं0 एवं न0 निकाय), सीतापुर ने जनपद सीतापुर सम्पन्न हुए पंचायत उप निर्वाचन-फरवरी 2025 में 02 क्षेत्र पंचायत सदस्य, 03 ग्राम प्रधान एवं 116 सदस्य ग्राम पंचायत के पद पर निर्वाचित सर्विरोध निर्विरोध उम्मीदवारों को शपथ ग्रहण कराने हेतु पत्र दिनांक 21.02.2025 से सूचना उपलब्ध करायी गयी।उपरोक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश पंचायत राज (प्रधान, उपप्रधान, पंच सरपंच, सहायक सरपंच और ग्राम पंचायत के सदस्य पद की शपथ) नियमावली 1994 के नियम संख्या-3 में दी गयी व्यवस्थानुसार विकास खण्ड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में प्रधान ग्राम पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण सम्बन्धी खण्ड विकास अधिकारियों सहायक विकास अधिकारियो (पं0) द्वारा नियत स्थान पर दिलायी जायेगी। साथ ही संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा-12ड (1) में दिये गये प्राविधानों के अनुसार निर्वाचित प्रधानों एवं सदस्यों को विहित रूप से शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने और उस पर हस्ताक्षर करने का प्राविधान है। उक्त अधिनियम की धारा 12ड (2) में यह स्पष्ट प्राविधान है कि किसी ऐसे सदस्य के सम्बन्ध में जो उपर्युक्त रूप से शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने और उस पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करने या अन्य प्रकार से उसे अस्वीकार करने पर यह समझा जाएगा कि उसने तत्काल अपना पद रिक्त कर दिया है।उक्त प्राविधानों के अनुसार नवनिर्वाचित प्रधानों एवं सदस्यगणों को शपथ सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारीध्सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा दिलाया जायेगा। प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित शपथ पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर कार्यालय से सुरक्षित रखे जाएंगे तथा सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित शपथ पत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखने हेतु सौंप दिये जायेगे।उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (अध्यक्ष या प्रमुख आदि के पद की शपथ) नियमावली 1994 में प्राविधानुसार जिला पंचायत या क्षेत्र पंचायत का सदस्य प्रथम बार सदस्य के रूप में अपना पद ग्रहण करने के पहले जिला पंचायत के सदस्यों के मामले में अध्यक्ष और उनकी अनुपस्थिति में मुख्य अधिकारी के समक्ष और क्षेत्र पंचायत के सदस्यो के मामले में प्रमुख और उनकी अनुपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष परिशिष्ट में दिये गये प्रपत्र में शपथ लेगा या प्रतिज्ञान करेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा।शपथ ग्रहण कराये जाने के बाद अपने सम्बोधन में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों व सदस्यों को बधाई दिये जाने के साथ ही निष्पक्ष राग द्वेष से पृथक होकर भाईचारगी तथा सौहार्द के वातावरण में ग्राम पंचायतो मे नियामक कार्यों के सम्पादन कराने की अपील करेंगे। ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्य व प्रधान के शपथ दिलाये जाने की सूचना निर्धारित प्रारूप पर जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर के कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# राजकीय इण्टर कालेज व सरस्वती विद्यामंदिर में हो रही बोर्ड परीक्षा का डीएम ने किया निरीक्षण



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शिता कराये जाने के उद्देश्य से राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर एवं सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिला विद्यालय निरीक्षक में बने कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि कंट्रोल रूम में लगे सी0सी0टी0वी0 की निगरानी लगातार करते रहे। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए विभिन्न स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के दौरान सी0सी0टी0वी0 आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया गया है। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों से वार्ता भी की।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस से अभद्रता, 30 पर केस दर्ज कई गिरफ्तार, गल्लामण्डी पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

**सीतापुर।** स्थानीय गल्लामण्डी पुलिस चौकी क्षेत्र में दबंगों ने पुलिस से अभद्रता कर दी। चौकी प्रभारी की तहरीर पर तीस लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। गौरतलब हो कि शहर कोतवाली में चुंगी चौराहे के पास कार और ट्रक की टक्कर हो गई। उग्र कार सवारों ने ट्रक के आगे कार खड़ी कर हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से भी अभद्रता की गई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर छह नामजद व 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।चुंगी चौकी प्रभारी हर्षित कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह गश्त पर थे। चौराहे से कैंची पुल जाने वाले मार्ग पर देखा कि ट्रक के आगे कार को खड़ा किया गया है। काफी संख्या में लोग आवागमन बाधित कर प्रदर्शन कर रहे हैं।मौके पर उपनिरीक्षक ज्योति विश्नोई व अन्य पुलिसकर्मियों ने सभी को समझाया, लेकिन लोग नहीं माने। यातायात व्यवस्था को बाधित करने के साथ ही जब पुलिसकर्मियों ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन को रास्ते से किनारे खड़ा करने का प्रयास किया तो मानपुर के मिर्जापुर भिमरी निवासी राज किशोर, अमित कुमार, मानपुर के खरैला गांव निवासी सुनील कुमार, ललित, खैराबाद के अहमदपुर कंजा निवासी शैलेंद्र और लखीमपुर निवासी मनोज कुमार ने जानबूझकर आपराधिक बल का प्रयोग करते हुए पुलिसकर्मियों से ट्रक की चाबी जबरन छीन ली।

# कटेशर में ईंट उद्योग में आग लगाकर किया गया शुभारंभ



**लहरपुर सीतापुर।** ग्राम कटेशर में चतुर्भुज उद्योग के सामने हमारे प्रिय मित्र मनोज सिंह उर्फ मनु भाई के ईट उद्योग पर कल आग जलाकर भट्ठे का शुभारंभ किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे तथा सत्यनारायण की कथा सुनकर व विधि विधान से पूजन करने के तत्पश्चात भट्ठे में आग लगाकर भट्ठे का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्राम वासियों के साथ-साथ क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति भी मौजूद रहे इसमें मुख्य रूप से मिंकु सिंह विशाल कपूर निखिल मेहरोत्रा पंकज वर्मा ओमेंद्र वर्मा प्रधान प्रतिनिधि कटेशर शेर सिंह व जिला पंचायत सदस्य मिंटू गुप्ता केसरीगंज पवन पांडे पंकज सिंह पिंटू शुक्ला और रिंकू शुक्ला आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एडीएम ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का किया इस्तेमाल सीतापुर धारा 163 लागू

**सीतापुर ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान माह एवं आगामी माह में 24 फरवरी 2025 से 09 मार्च 2025 तक माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की प्रयागराज बोर्ड परीक्षा-2024, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 01/02 मार्च से रमजान माह का प्रारम्भ, 13 मार्च को होलिका दहन, 14/15 मार्च को होली, 28 मार्च को अलविदा, 30/31 मार्च को ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयन्ती, 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयन्ती, 18 अप्रैल 2025 को गुडफ्राइडे आदि पर्वों त्योहारों व




विभिन्न आयोगों भर्ती बोर्डों, विभिन्न विश्वविद्यालयोंध् तकनीकी बोर्डों आदि द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी आदि परीक्षाओं के दृष्टिगत पूर्व में निर्गत समसंख्यक आदेश 04 जनवरी 2025 को वापस लेते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163, के अधीन प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग किया गया है। इसके तहत नौ मार्च तक 1-05 (पांच) से अधिक व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थल पर एक साथ इकठ्ठे होने की पूर्णतः मनाही रहेगी।कोई भी व्यक्ति ऐसे हस्तलिखित अथवा मद्रित पर्चे, पम्पलेटस आदि वितरित नहीं करेगा, न ही करायेगा, न ही मद्रित करेगा और न करायेगा तथा न ही उत्तेजनात्मक भाषण देगा, जिससे किसी जनसाधारण अथवा किसी वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुँचे, विद्वेष पैदा हो अथवा शांति भंग की संभावना में वद्धि हो। सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सऐप ग्रुप, फेसबुक, ट्वीटर आदि पर उक्त प्रकार की कोई सामग्री न पोस्ट करेगा और न ही फारवर्ड करेगा।सार्वजनिक स्थलों पर शराब, पान, गुटका, तम्बाकू का सेवन प्रतिबन्धित होगा।किसी भी प्रकार के जुलूसध्सभाध्रैली एवं सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही आयोजित किये जायेगें। सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात जुलूसध्सभाध्रैली व सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजक के लिए यह अनिवार्य होगा कि कोविड-19 के अद्यतन प्रोटोकॉल का अनुपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित कराया जाये। कोई भी व्यक्ति शासकीय ड्यूटी पर रहे अधिकारीध्कर्मचारियों को डराने, धमकाने अथवा किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने वाला कार्य नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी पठन-पाठन सामग्री, सैल्युलर फोन, कैलकुलेटर, माचिस, ब्लूटूथ अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आई0टी0 गैजेट्स आदि नहीं ले जायेगा।

# अम्बेडकर नगर विकास एवं विरासत महोत्सव पर खास खबर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो चीफ रविन्द्र वर्मा

**अम्बेडकरनगर।** जिले के 29 वें वर्षगांठ पर जिला प्रशासन द्वारा राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में तीन दिवसीय विकास एवं विरासत महोत्सव के आयोजन के दूसरे दिन डॉग शो,बॉलीवुड सिंगर ममता शर्मा,कवि सम्मेलन और पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर रहे मुख्य आकर्षण का केंद्र। गौरतलब हैं कि कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर मुख्य अतिथि के रुम में पहुंचे जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मंत्री जी का भव्य स्वागत किया। मंत्री जी ने कटेहरी विधानसभा के विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया।

**डॉग शो रहा आकर्षण के केंद्र :-**

डॉग शो का शुभारंभ जिला अधिकारी की पत्नी ने फीता काट किया। डॉग शो में विदेशी नस्ल के कुत्ते दिखाए गए। जिला अधिकारी भी कुत्तों की रस्सी पकड़ पर ट्रैक पर दौड़े इस दौरान उनकी पत्नी भी रिंग में कुत्तों के साथ प्यार दुलार करती दिखी। कुत्ता शो का प्रथम पुरस्कार टांडा निवासी बॉडीबिल्डर ओबैदुरहमा के बेल्जियम नस्ल के कुत्ते प्राप्त हुआ। जिन्हें इनाम और ट्रॉफी दी गई।

**रात्रि शो :-**

मशहूर बॉलीवुड सिंगर ममता शर्मा ने अपने मधुर सुरीली आवाज से पंडाल में बैठे दर्शकों एवं अधिकारियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जब तक कार्यक्रम चल दर्शक अपनी सीट से चिपके रहे।

**कवियों ने बांधा समा :-**

अनामिका अम्बर, शंभू शिखर और सुरेन्द्र शर्मा ने अपनी



कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम में दर्शकों के बीच समा बांध दिया। इस दौरान विकास एवं विरासत महोत्सव में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और अपर जिला अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहें और कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहे।

**आयोजन की आमदनी एवं खर्च पर उठे सवाल :-**

जनसूचना एवं सोशल एक्टिविस्ट शाहिद मुनीर सिद्दीकी ने जनपद के विकास एवं विरासत महोत्सव के आयोजन पर सवाल खड़ा कर दिया है, उन्होंने अपने युटुब चैनल *शाहिद मुनीर ऑफिशियल पर एक वीडियो के माध्यम से उक्त कार्यक्रम के आयोजन और कार्यक्रम में होने वाले प्रोग्राम के खर्च और तमाम बिंदु पर जनता के बीच चर्चा में में पहुंचा दिया। वीडियो जारी होने के बाद से महोत्सव के आयोजन एवं खर्च से संबंधित अलग अलग तरह की चर्चाएं जनपद अंबेडकरनगर के हर चौक चौराहे बैठकों चाय की दुकानों पर होनी लगी।बुद्धिजीवी वर्ग भी शाहिद मुनीर सिद्दीकी द्वारा उठाए गए मुद्दे पर अपनी सहमति दर्ज कराते हुए प्रश्न खड़ा कर रहा है कि आखिर इतना बड़ा भव्य आयोजन किस निधि से किया जा रहा है कहीं सच में तो इसमें अवैध रूप से चंदा वसूली तो नहीं की गई है।

**जिला प्रशासन में इस मुद्दे का जवाब देने के लिए कोई अधिकृत नहीं :-**

जब इस आयोजन के आय व्यय के बारे में अधिकारियों से सवाल किया जाता है तो हर अधिकारी यही उत्तर देता है कि जिल प्रशासन द्वारा आयोजन कराया जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन है कौन किसके द्वारा किस निधि से भुगतान किया जा रहा है इसका उत्तर भी यही मिलता है कि जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। वैसे तो जिला। प्रशासन कौन होता है यह सभी जानते है लेकिन आयोजन के आय व्यय से संबंधित जिला प्रशासन के बारे में पता लगाना टेढ़ी खीर होता जा रहा है।

# एल डी एम ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं को लेकर किया जागरूक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के भीटी ब्लॉक के मधुपुर मीरानपुर ग्रामसभा में आरोह फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री सुरक्षा बिमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किशन फसल बिमा योजना, बैंकिंग सुविधाओं, और डिजिटल लेन-देन में सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में वित्तीय सलाहकार साजन कुमार ने बहुत ही विस्तार से बैंक की हर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और उसके साथ ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के



लिए प्रेरित भी किया

और उसके साथ वित्तीय सलाहकार प्रवेश कुमार ने ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी को लेकर बताया कि कैसे हमारे साथ फ्रॉड होते हैं और कैसे इससे बचा जाए हर तरीके से उनको जानकारियां दिया गया।

इस वित्तीय साक्षरता शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं डी एम कमलेश भास्कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा और उन्होंने बैंकिंग सेवाओं और उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दिया गया कैसे ले सकते हैं इसका लाभ और ऐसे ही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों से ग्रामीणों को जोड़ा गया ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके इस शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं व ऑनलाइन लेन-देन की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। आरोह फाउंडेशन इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहा है। और उसके साथ आर.से.टी के भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई , सिलाई, कटाई ,ब्यूटी पार्लर अचार बनाना, मोमबत्ती अगरबत्ती बनाना, मोबाइल रिपेयरिंग और तमाम ऐसे प्रशिक्षण नि:शुल्क ले सके इन सभी कार्यक्रमों के बारे में श्री रमाकांत सिंह ग्रामीण को विस्तार से जानकारी दी कैसे अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं और रोजगार से कैसे जुड़ सकते हैं यह जन जागरूकता कार्यक्रम - ग्राम प्रधान - अंजू, बैंक सखी - रीता,बीसी सखी - इंदु शर्मा , समूह सखी, खुशबू की उपस्थिति रहीं।

# कुमारगंज सौ शैरया के डॉ0 अरविंद मौर्य के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

## सीएमओ ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर मांगी तीन दिन में रिपोर्ट

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** बीजेपी नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत पर 100 शैय्या अस्पताल, कुमारगंज में तैनात डॉ. अरविंद मौर्या के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों की खबर मीडिया और समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है, जिसे तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी का गठन :-**

सीएमओ द्वारा गठित इस जांच कमेटी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता के साथ दो अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों को शामिल किया गया है। यह सदस्य निम्नलिखित हैं-

1. डॉ. राममणि शुक्ला - जिला कुष्ठ रोग अधिकारी
2. डॉ. वेद प्रकाश त्रिपाठी - डिप्टी सीएमओ

कमेटी को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी पहलुओं की गहन जांच करें और तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**भ्रष्टाचार के आरोप और शिकायत का आधार :-**

बीजेपी नेता डॉ. रजनीश सिंह ने डॉ. अरविंद मौर्या पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। आरोप है कि डॉ. मौर्या ने अस्पताल में अनियमितताएं की हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिकायत के बाद यह मामला मीडिया और समाचार पत्रों की सुर्खियों में आ गया, जिसके चलते सीएमओ को तत्काल संज्ञान लेना पड़ा।

**आगे की कार्रवाई :-**

जांच कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सीएमओ आगे की कार्रवाई तय करेंगे। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो विभागीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम से सरकारी अस्पतालों में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत संदेश जाएगा।

# मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम का नाम-पता बदल बना था मुख्तार-ए-आम

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** पूर्व मुख्यमंत्री की जमीन का जिस रामहरक ने बैनामा किया था, वह दिग्विजय सिंह का नाम पता बदलकर फर्जी दस्तावेज के सहारे मुख्तार ए आम बना बैठा था। इतना ही नहीं खरीदारों की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। लेखपाल ने अपनी जांच में पूर्व सीएम के नाम जमीन होने की पुष्टि की है। तहसील के अधिकारियों ने जमीन की नापजोख कराई और विपक्षियों को सोमवार तक साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। फिलहाल अभी पूर्व सीएम के साथ जालसाजी करने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नाम तहसील आलापुर क्षेत्र के ग्राम रामनगर महुवर में गाटा संख्या 1235 क क्षेत्रफल 0.152 हेक्टेअर जमीन है। पूर्व में यह जमीन इनकी मां अपर्णा कुमारी के नाम दर्ज थी, जिनका निधन वर्ष 1986 में हो गया था। हंसवर के ग्राम क्रेटला निवासी रामहरक चौहान ने वर्ष 1989 में मुख्तार ए आम दिग्विजय सिंह उर्फ दुर्गविजय सिंह निवासी मगहर बनकर इस जमीन को जालसाजी कर जियालाल, राजबहादुर पुत्रगण शिव प्रसाद व मंगली पुत्र मद्धू निवासी रामनगर महुवर के नाम बैनामा कर दिया था।केयरटेकर अनिल यादव की शिकायत के बाद हुई जांच में पता चला कि मुख्तार ए आम बनने के लिए दिग्विजय सिंह के नाम के आगे उर्फ दुर्गविजय सिंह निवासी मकरही लगाया गया था। रविवार को नायब तहसीलदार राजकपूर, कानूनगो श्रीपाल पांडेय ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पूर्व सीएम की जमीन की पैमाइश कराई। मौके पर मौजूद जियालाल के परिवार के सदस्यों ने कुछ अभिलेख दिखाए, लेकिन अधिकारियों ने उसे नकार दिया और जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण न करने की चेतावनी दी। सोमवार तक का समय साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए दिया है। साक्ष्य न प्रस्तुत करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## अज्ञात लुटेरो तक नहीं पहुंच पाई आलापुर पुलिस

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अज्ञात लुटेरे तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई है घटना को करीब 48 घंटे से ज्यादा का समय बीत गया है। घटना आलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अछती और इंदईपुर के मध्य रास्ते का है। आपको बता दें जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मसूदपुर निवासिनी सुरेंद्रा देवी पत्नी जयनारायण विश्वकर्मा 22 फरवरी की दोपहर करीब 12:30 बजे अपने घर से इंदईपुर के लिए अपने भाई के साथ निकली थी रास्ते में अछती और इंदईपुर के बीच में करीब 1:30 बजे पल्सर सवार दो अज्ञात लुटेरों ने उसके गले की चेन खींचकर भाग गए।जिसकी वजह से गाड़ी से गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गई थी। पीड़िता के मुताबिक दोनों बाइक सवाल लुटेरे करीब 20 से 25 वर्ष के रहे होंगे।

# फर्जी तरीके से ग्राम प्रधान ने निकाले लाखों रुपए, ग्रामीण ने किया खुलासा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति अंबेडकर नगर में धरातल से कोसो दूर है। जिले में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और उन भ्रष्टाचारियो पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जांचकर्ता ही उन्हें बचाने में लग जाते हैं जांच के नाम पर मोती रकम वसूली कर क्लीन चिट दे दिया जाता है। धीरे-धीरे मामला ठंडा बस्ते में चला जाता है। अगर इन सभी मामलों में टीम गठित कर अलग-अलग विभागों के अधिकारियो/कर्मचारियों को शामिल कर जाँच कराया जाए तो बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का खुलासा होगा। हकीकत सामने आने पर आम जनमानस के पैरों की जमीन खिसक जाएगी। आपको बता दे एक मामला अभी ठंडा नही हुआ था की दूसरा भ्रष्टाचार का एक और बड़ा मामला सामने आ आया है। पूरा मामला विकासखंड बसखारी अंतर्गत टड़वा मिश्र गांव



का है। जहां पर बिना कुआं की मरम्मत कराए ही रंगाई पुताई कराके ग्राम प्रधान द्वारा मरम्मत दिखा कर विकास के पैसे को निकाल कर अपनी जेब गर्म कर ली गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब गांव के एक व्यक्ति के घर के सामने बने कूएँ की मरम्मत कार्य दिखाकर ग्राम प्रधान के द्वारा लाखों रुपए निकाल लिया गया। ग्रामीण अशोक मिश्रा ने जब इस मामले के बारे में मेरी पंचायत ऐप से जानकारी हासिल की तो पता चला कि ग्राम प्रधान के द्वारा उनके घर के पास बने पुराने कुआ का नाम रवि एवं ओमकार के घर के पास कुआ मरम्मत कार्य दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान कुएं का मरम्मत कार्य दिखाकर निकाल लिया गया है। जबकि ग्रामीण का कहना है कि इस कुएं का मरम्मत कार्य करीब 20 वर्ष पूर्व हुआ था ग्राम प्रधान के द्वारा केवल रंगाई पुताई कराकर लाखों रुपए का भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया है। मीडिया के स्थलीय निरीक्षण में भी देखने पर कुएं का मरम्मत कार्य काफी पुराना लग रहा है तथा उसमें पडी दरार से भी कोई अंधा व्यक्ति भी बता सकता है कि इस कुएं का मरम्मत कार्य हुआ है या नहीं, लेकिन भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि अधिकारियों के आंखों पर भ्रष्टाचार की पट्टी बध चुकी है उन्हें सच्चाई हकीकत से कोई मतलब नहीं केवल अपनी जेब गर्म करने पर लगे हैं। ग्राम सभा में बहुत सारे कोई का मरम्मत कार्य दिखाकर ग्राम प्रधान के द्वारा निकाला गया है। वही बड़ी बात यह भी है कि ग्राम प्रधान के द्वारा जिन कुएं का भुगतान निकाला गया उस पर केवल मात्र एक ही कुएं का बार-बार फोटो अपलोड किया गया है इसकी जानकारी मेरी पंचायत ऐप पर अपलोड फोटो से इसकी सच्चाई सामने आई है।

**खंड विकास अधिकारी से टेलीफोनिक वार्ता....... :-**

वही जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बसखारी दिनेश राम से टेलीफोनिक वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि गांव का मामला काफी गंभीर चल रहा है अंबेडकर महोत्सव खत्म होने के बाद मामले की जांच कराई जाएगी।

## पिकअप वाहन लेकर भाग रहे चोर को दबोचा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** घर के सामने खड़ी पिकअप वाहन चोरी कर भाग रहे चोर को घेराबंदी कर दबोच लिया। दबोचे जाने के बाद मारपीट पर उतारू हो गया ग्रामीणों ने किसी तरह कब्जे में लेकर 112 पुलिस को सौंप दिया। पूरा मामला इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत यादवपुर का है गांव निवासी जोखू राम पुत्र भगवान दास का आरोप है बीते 23 फरवरी की शाम करीब 9:30 बजे घर के सामने खड़ी पिकअप को एक अज्ञात चोर अचानक लेकर भागने लगा जानकारी होने पर उसको बल प्रयोग करके रोका गया तथा 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दिया, उसने अपना नाम रजनीश उर्फ अनूप वर्मा पुत्र आज्ञाराम वर्मा निवासी बलरामपुर थाना इब्राहिम बताया। मारपीट के दौरान उसको भी चोटे आई हैं।वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रूद्र महायज्ञ के तीसरे दिन हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव सरांय स्थित छत्रपाल बाबा धाम में रुद्र महायज्ञ के तृतीय दिवस पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया वैदिक मंडल के द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों के साथ यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। यज्ञ प्रांगण में सोमवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। यज्ञोपवीत संस्कार से पूर्व बटुकों का मुंडन करवाया गया। बाद में विधि-विधान से भगवान गणेश सहित देवताओं का पूजन किया। ब्रह्मचर्य के पालन की शिक्षा के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। गायत्री मंत्र की दीक्षा देने के बाद बटुकों ने भिक्षा लेकर गुरु को अर्पण की।

# स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेज़ी लाने के निर्देश

**उरई/जालौन।** जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमएस पुरुष आंनद उपाध्याय अनुपस्थिति होने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीवी कार्यक्रम के सफल संचालन किया जा रहा है इसी प्रकार सफल अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। मरीज़ों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश, साथ ही कोई भी चिकित्सक बाहर की दवाई न लिखे ऐसा केने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों में लैब उपकरणों और मशीनों को सही से काम करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। टीकाकरण अभियान में बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया जाए।




22 फरवरी तक डकोर कदौरा में दिसम्बर, जनवरी, नदीगाँव में माह जनवरी का सीएचओ का पीबीआई भुगतान अवशेष है। इसी प्रकार डकोर बावई व कदौरा में आशा/एएनएम का टीबीआई भुगतान अवशेष है। जिस पर जल्द ही नियमानुसार भुगतान करना सुनिश्चित करें। जन आरोग्य समिति उपकेन्द्र (अन्टाइड फण्ड) के व्यय में रामपुरा नदीगाँव कदौरा और माधौगढ़ में 15 जनवरी से 22 फरवरी के मध्य विवरण शून्य है। उपकेन्द्र अन्टाइड फण्ड के व्यय में रामपुरा नदीगाँव कुठौन्द और माधौगढ़ में 15 जनवरी से 22 फरवरी के मध्य व्यय विवरण शून्य है, जिस सम्बंधित चिकित्सक को चेतावनी देते हुए सुधार करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति अन्टाइड फण्ड के व्यय में रामपुरा कुठौन्द और माधौगढ़ में 15 जनवरी से 22 फरवरी के मध्य व्यय विवरण शून्य है। तथा डकोर, कुठौन्द एवं कदौरा का व्यय न्यूनतम है।दिनांक 20 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले अभियान के सफल आयोजन हेतु पत्राचार एवंज म के माध्यम से समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ को जूम बैठक के माध्यम से प्रत्येक दिवस प्रत्येक सीएचओ/एएनएम को 50-50 एनसीडी स्क्रीनिंग करने के प्रत्येक दिवस निर्देश निर्गत किए गए है। जेएस वाई भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें न्यूनतम प्रगति वाले ब्लॉक कदौरा पिण्डारी कोच कालपी नदीगाँव रामपुरा माधौगढ़ छिरिया बावई राजकीय मेडिकल कालेज तथा जिला महिला चिकित्सालय को सुधार के लिए निर्देशित किया गया, जिसके सापेक्ष नदीगाँव रामपुरा छिरिया बावई प्रगति में सुधार हुआ है। तथा समस्त लम्वित भुगतान वाली चिकित्सा इकाईयों को शत प्रतिशत भुगतान करने के लिये निर्देशित किया गया, जिसके सापेक्ष 1100 के सापेक्ष 1043 लम्वित भुगतान शेष होने पर नाराजगी जाहिर की। प्रेग्नेन्ट वूमेन का रजिस्टेशन में ग्रामीण क्षेत्र में कदौरा, छिरिया नदीगॉव तथा जिला महिला चिकित्सालय में कम है। न्यूनतम रजिस्ट्रेशन वाली चिकित्सा इकाई को जिला स्वास्थ्य समिति कार्यकारी निकाय दिनांक 09 जनवरी 2025 को प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए गए। इनफेन्ट का रजिस्टेशन में ग्रामीण क्षेत्र में छिरिया कदौरा पिण्डारी और अरवन क्षेत्र में उदनपुरा वधौरा तुफैलुपरवा की प्रगति कम है। न्यूनतम रजिस्ट्रेशन वाली चिकित्सा इकाई को जिला स्वास्थ्य समिति कार्यकारी निकाय दिनांक 09 जनवरी 2025 को प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 25 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेझिझक



## प्रथम पाली परीक्षा के दौरान हाईस्कूल की छात्रा की बिगड़ी हालत,मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती



केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के जी टी रोड स्थित रानी लक्ष्मी बाई बालिका इंटर कालेज में प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान हाईस्कूल की छात्रा की अचानक तबियत बिगड़ गई जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी।आनन फानन में परीक्षा केंद्र प्रशासन ने किशोरी को एटा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला कंचन की छात्रा उमा पुत्री गंगा उम्र 15 वर्ष आज परीक्षा देने गई थी तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।तबियत बिगड़ने के बाद हड़कंप मच गया बेहोशी की हालत में छात्र की दूसरी मंजिल से नीचे उतारा गया बाबजूद उसके परिजनों को सूचना दी गई।एंबुलेंस की सहायता से छात्रा को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां वह इलाजरत है।छात्रा ने उमा ने बताया कि वह महारानी लक्ष्मी बाई कालेज में परीक्षा दे रही थी तभी पेपर लिखते वक्त चक्कर आ गया और मैं गिर गई। टीचर नीचे उतार कर नीचे लाए हैं।घर वाले अस्पताल लेकर आए हैं।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्रीय लोगों एवं ग्राम प्रधानों सहित पीस कमेटी बैठक हुई संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता



**बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेहीघाट में एक पीस कमेटी की बैठक रविवार आहूत की गई। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाल ओम प्रकाश तिवारी ने कहा शिवरात्रि के पर्व को हर्षोल्लास से मनाएं । लेकिन किसी प्रकार का हुड़दंग न होने पाए । हुड़दंग करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।आप लोग बुद्धिजीवी हैं। और अगर कोई भी समस्या हो तो बताइये।होने वाले त्यौहार महाशिवरात्रि पर गांव क्षेत्र के सभी लोगों शांति पूर्वक त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें।पीस कमेटी की बैठक को कोटवा सड़क हथौंधा चौकी प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया और बताया त्यौहार कोई भी हो शांतिपूर्वक मनाएं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि तिवारी, पत्रकार बंधु,व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ एम एल साहू,प्रबंधक मो आरिफ जलाल,किसान यूनियन धर्मेन्द्र गुट के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम यादव सहित क्षेत्र के तमाम गण मान्य नागरिक को ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## श्री खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत-बरखेड़ा। कस्बे में द्वितीय भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन से पहले सोमवार को नगर में श्याम भक्तों ने निशान यात्रा का आयोजन किया। मेला मैदान में निशान यात्रा का मंत्रोचारण के बीच पूजन किया गया उसके उपरांत निशान यात्रा मेला मैदान से गाजे बाजे के साथ निशान यात्रा मेन रोड से गोपी कालौनी होती हुई पुनः गाजीपुर कुंडा तिराहे से होती हुई दौलतपुर रोड से स्टेशन रोड से होती हुई मेला मैदान में निशान यात्रा का समापन किया गया।श्री खाटू श्याम निशान यात्रा में श्याम प्रेमी व महिलाए एवं कमेटी के सदस्य मैजूद रहे।

## शोषित रेडी पटरी दुकानदारों की आवाज बनी शालिनी पटेल,प्रदेश/ज़िला प्रशासन को किया आगाह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता



बांदा-दिनांक 24 फरवरी 2025 को जनता दल यूनाइटेड के जिला महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ बिहारी लाल के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चार सूत्रीय ज्ञापन द्वारा जिला अधिकारी बांदा सौंपते हुए जनपद के अधिकारियों को अवगत कराया है,कि शहर मुख्यालय अंतर्गत चिल्ला रोड से लेकर मुक्तिधाम रोड तक सड़क किनारे व्यवसाय कर अपनी आजीविका एवं परिवार का भरण पोषण करने वाले पटरी दुकानदार। जिनमें बहुत से फल विक्रेता एवं सब्जी विक्रेता एवं संकट मोचन मंदिर प्रांगण के बाहर सड़क किनारे भोग प्रसाद बेचने वालों के साथ हुए अन्याए को लेकर शासन को आगाह करते हुए चार सूत्रीय मांगू को जनता दल यूनाइटेड के द्वारा रखा गया है।

# आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में बैठक हुई संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

**बांदा** - आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय कार्यों को तेज गति से करते हुए विकास कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यटन विकास के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली को शान्तिपूर्ण एवं सकुशलढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण एवं रोड निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए चित्रकूट में सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य जनपद बॉदा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने पीएचसी एवं सीएचसी में बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को पर्यवेक्षण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत चित्रकूट जनपद में पूर्ण किये जाने एवं हमीरपुर में बच्चों को प्रथम डोज दिलाये जाने पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बुन्देलखण्ड विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों/महत्वपूर्ण प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने चित्रकूट जनपद में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य को मैनपावर बढाते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौवंशों को गौशाला में संरक्षित करें, इसके साथ ही गौशालाओं में



समुचित पेयजल, चारा, प्रकाश, सेड सहित चिकित्सा की समुचित व्यवस्था रखी जाए। पं0दीनदयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना एवं कृषि रक्षारसायन वितरण व फसल अवशेष प्रबन्धन तथा मनरेगा एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में मण्डल के जनपदों में बेहतर कार्य किया गया है। उन्होंने मण्डलीय शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अध्यापकों का समय-समय पर प्रशिक्षण के साथ सभी दिव्यांग बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति एवं विद्यालय में साफ-सफाई, बालक/बालिका शौचालय आदि व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से गॉवों में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र कराये जाने व हमीरपुर जनपद में कार्यों में अपेक्षित प्रगति एवं सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए आवास दिलाये जाने तथा दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड साइकिल का वितरण किये जाने हेतु यूडीआईडी बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सेतु निर्माण कार्यों, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का गठन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा किसानों हेतु सिंचाई की सुविधा की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों, आईजीआरएस प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों/सन्दर्भों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत पात्र युवाओं को लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों नगरपालिका एवं नगर पंचायत के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पिछडा वर्ग सहित अन्य छात्रवृत्ति का वितरण सत्यापन कराकर समय से दिलाये जाने एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को समय से पेंशन दिलाये जाने के साथ नये आवेदनों की जांच कराकर शीघ्र आवेदनों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये, पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहने पाये। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा जे0रीभा, जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, जिलाधिकारी हमीरपुर श्री घनश्याम, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चैधरी, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त सहित मण्डल के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बरखेड़ा पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** थाना पुलिस ने बीती रात गैर जनपद के नकली करेंसी का व्यापार करने बाले गिरोह का भंडाफोड किया वही थाना पुलिस ने रविवार की बीती रात बरखेड़ा नवाबगंज मार्ग पर रपटा पुल जाने वाले तिराहे के पास चार व्याक्तियो को एक मोटरसाइकिल के साथ खड़े देखा थाना पुलिस ने चारो आरोपिओ को मौके से दबोच लिया जब थाना पुलिस ने आरोपिओ से जानकारी की तो पता चला चोरो आरोपी बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के रहने वाले है। पीलीभीत जनपद में जाली नोट छपाने व खपाने व्यापार करने की जुगत मे आये हुए है। वही बरखेड़ा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार रात को गिरोह




पीलीभीत जिले मे खपाना चाहते थे। नकली नोट

के सरगना समेत चार लोगों को दबोच लिया आरोपियों से काफी संख्या में सौ और दो सौ के जाली नोट बरामद किए है।आरोपी बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के रहने वाले हैं। मामले में बरखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रिजवान निवासी गांव दीपपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर बताया तथा खलील अहमद निवासी ग्राम दातागंज थाना दातागंज बदायूं का रहने वाला बताया एवं अब्दुल सत्तार निवासी मोहल्ला नजरपुर कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर का रहने वाला है। व फरियाद निवासी ग्राम भगवन्तापुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 लाख 90 हज़ार की नकली भारतीय करेंसी बरामद हुई है। साथ ही साथ नकली नोट छापने की मशीन सहित उपकरण बरामद हुए है। वही गिरोह का सरगना अब्दुल सत्तार जनसेवा केंद्र भी चलाता है। आरोपी जनसेवा केंद्र में ही जाली नोट छापते थे। और आरोपी एक साल से जाली नोट छापने का काम कर रहे थे। आरोपियों के मुताबिक कुछ लोगों को उनके धंधे का शक होने गया था। इस पर ये लोग वहां से सामान हटाकर दूसरी जगह रखने की फिराक में लगे थे। लेकिन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भंडाफोड कर दिया वही पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी काफी संख्या में जाली नोट बाजार में चला चुके है। वही इस घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय प्रेस कॉन्फ्रेंस करके किया

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर डीएम ने की समीक्षा



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एवं छटीकरा चौराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की बैठक में पीओ नेडा एवं वेंडरों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाए। एक-एक हजार रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य प्राप्त करें, किसी भी ग्राहक का उत्पीड़न न हो, समय से सभी वेंडर ग्राहकों को सर्विस दें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने छटीकरा चौराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में ग्राम प्रधान छटीकरा, नगर निगम, एनएचएआई, जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। ग्राम प्रधान, नगर निगम एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि तीनों मिलकर समन्वय के साथ साफ सफाई एवं सिल्ट की सफाई कराना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छटीकरा चौराहे को सुंदर बनाने की योजना तैयार करें, मथुरा से छटीकरा-जैत से छटीकरा जाने वाले सर्विस रोड को सुंदर बनाने के साथ साथ अच्छा व्यू देने पर जोर दिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आकषर्क लगे। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक 27 फरवरी से कार्य शुरू किया जाए।

# बरखेड़ा कस्बे मे नही थम रहा है, अवैध खनन का काला कारोबार

### राजस्व विभाग के संरक्षण मे खनन माफियाओ के हौसले बुलंद

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत- बरखेड़ा। कस्बे मे इस समय खनन माफियाओ के हौंसले बुलंद दिखाई दिए है। जहा योगी सरकार 100 घनमीटर की परमिशन काश्तकार को अपने निजी कार्य करने के लिए मुहैया कराती है। लेकिन कस्बे मे उल्टा चल रहा है। यहा के कुछ खनन माफियाओ ने इसे व्यापार बना लिया है। दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे है। साल भर मे 100 से ज्यादा परमिशन करा लेते है। और राजस्व विभाग के



साठगांठ चलते परमिशन भी हो जाती है। जबकि आम आदमी को खनन की परमिशन कराने लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ता है। लेकिन खनन माफियाओ की तो फोन पर ही परमिशन हो जाती है। खनन माफिया बैखौफ होकर कस्बे व क्षेत्रो मे अबैध खनन की होम डिलीवरी करके महंगे दामो मे बेचकर अपने बारे न्यारे कर रहे है। वही खनन माफियाओ के सम्बंध राजस्व विभाग के हर अधिकारी के लेकर कर्मचारी तक रहते है। आपको भले ही कोई भी अधिकारी जाने लेकिन खनन माफियाओ को पूरा राजस्व विभाग जानता है। वही राजस्व विभाग छुट भैय्यो पर कार्यवाही करके अपनी पीठ थपथपा लेती है। जबकि ज़मीनी हकीकत यह है। की जब कोई व्यक्ति राजस्व विभाग को अबैध खनन की सूचना देता है। वह सूचना खनन माफियाओ के पास पहुंच जाती है। और राजस्व विभाग के आने से पहले ही खनन माफिया संक्रिय हो जाते है। और भाग जाते है। इससे साफ जाहिर होता है। की बीसलपुर का राजस्व विभाग का पूरी तरह खनन माफियाओ को खुला संरक्षण देता है। कस्बे मे जो भी अबैध खनन के मामले मे कार्यवाही हुई है। वह जिले के अधिकारियो के तहत की गयी है। जब से बीसलपुर एसडीएम नागेन्द्र पाण्डेय ने चार्ज संभाला है। तब से कस्बे मे रात दिन अबैध खनन का करोबार बडे पैमाने पर फल फूल रहा है।

## नगर पंचायत शिवगढ़ में शिवरात्रि पर होगा विशाल भंडारा

**शिवगढ़ रायबरेली** नगर पंचायत शिवगढ़ अंतर्गत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शिवगढ़ में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम विशाल भंडारा दिनांक 26 फरवरी दिन बुधवार को शिवगढ़ मेन रोड बस स्टॉप पर सुबह 11 बजे से प्रभु की इच्छा तक चलता रहेगा। भंडारे का आयोजन दीपक साहू,प्रशांत सोनी,संजय मौर्या,आयुष मिश्रा एवम् समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जाएगा।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया संत गाडगे महाराज का जन्मदिन

### बुद्ध ,कबीर और रविदास के विचार धारा के वाहक थे- संत गाडगे

**शिवगढ़ रायबरेली** विकासखंड अंतर्गत तथागत बुद्ध विहार एवं बोधिसत्व बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर प्रेरणा स्थल ग्राम-चंदापुर पोस्ट गूढ़ा, जनपद रायबरेली में बृहस्पतिवार को महान समाज सुधारक राष्ट्र संत, गाडगे बाबा का जन्म दिवस स्थानीय उपासकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा उपासकों को संत गाडगे बाबा के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि बीसवीं सदी के समाज-सुधार आन्दोलन में जिन महान बहुजन महापुरूषों का योगदान रहा है, उनमें से एक महान समाज सुधारक महापुरूष का नाम बाबा गाडगे का है। यदि ध्यान से देखा और समझा जाए, तो बाबा गाडगे तथागत बुद्ध, संत कबीर और संत रविदास जी की परंपरा एवं विचारधारा के ही वाहक नजर आते हैं। उनकी शिक्षाओं को देखकर ऐसा लगता है कि वह बुद्ध, कबीर और रविदास जी से बहुत अधिक प्रभावित थे। यह संयोग ही है कि संत रविदास और गाडगे बाबा की जयंती एक ही महीने फरवरी में पड़ती है। संत गाडगे बाबा का जन्म आज ही के दिन 23 फरवरी, 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले की तहसील अंजन गांव सुरजी के शेगाँव नामक गाँव में बहुजन समाज (धोबी जाति) में हुआ था। उनकी माताजी का नाम सखूबाई और पिताजी का नाम झिंगराजी था। बाबा गाडगे जी का पूरा नाम देवीदास डेबूजी झिंगराजी जाड़ोकर था। घर में उनके माता-पिता उन्हें प्यार से 'डेबू जी' कहते थे। डेबू जी सभी साधनों का त्याग कर हमेशा अपने साथ मिट्टी के मटके जैसा एक बर्तन रखते थे। इसी बर्तन में वह बुद्ध की भांति खाना भी खाते और पानी भी पीते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं। इसीलिए लोग उन्हें गाडगे महाराज और बाद में गाडगे बाबा कहने लगे। कालान्तर में वह अपने सत्कार्यों से संत गाडगे के नाम से प्रसिद्ध हो गये। गाडगे बाबा बाबा साहब डा. भीमराव



अम्बेडकर जी के समकालीन थे तथा वह बाबा साहब से आयु में पन्द्रह साल बड़े थे। वैसे तो गाडगे बाबा बहुत से राजनीतिज्ञों से मिलते-जुलते रहते थे। लेकिन वह बाबा साहब के कार्यों से अत्यधिक प्रभावित थे।इसका कारण था कि जो समाज सुधार सम्बन्धी कार्य वह अपने कीर्तन के माध्यम से लोगों को उपदेश देकर कर रहे थे, वही कार्य बाबा साहब राजनीति के माध्यम से उस समय कर रहे थे।

अन्य संतों की भाँति गाडगे बाबा को भी औपचारिक शिक्षा ग्रहण करने का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने स्वाध्याय के बल पर ही थोड़ा बहुत पढ़ना-लिखना सीख लिया था। शायद यह बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की संगति का ही प्रभाव था कि गाडगे बाबा शिक्षा पर बहुत अधिक जोर देते थे। उन्होंने शिक्षा के महत्व को इस हद तक प्रतिपादित किया कि यदि खाने की थाली भी बेचनी पड़े, तो उसे बेचकर भी शिक्षा ग्रहण करो। हाथ पर रोटी लेकर खाना खा सकते हो पर विद्या के बिना जीवन अधूरा है। वह अपने प्रवचनों में शिक्षा पर बोलते समय बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत करते हुए कहते थे कि देखा बाबा साहब अंबेडकर अपनी महत्वाकांक्षा से कितना पढ़े, शिक्षा कोई एक ही वर्ग की ठेकेदारी नहीं है, एक गरीब का बच्चा भी अच्छी शिक्षा लेकर ढेर सारी डिग्रियाँ हासिल कर सकता है।बाबा गाडगे ने अपने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए 31 शिक्षण संस्थाएं तथा एक सौ से अधिक अन्य संस्थाओं की स्थापना की। बाद में सरकार ने इन संस्थाओं के रख-रखाव के लिए एक ट्रस्ट भी बनाया । जनसेवा और समाजोत्थान के कार्यों को करते हुए।बाबा साहब के परिनिर्वाण के मात्र 14 दिनों बाद ही बाबा साहब के निधन से दुखी होकर गाडगे बाबा ने भी उनकी याद में 20 दिसम्बर,1956 को हमेशा के लिए अपनी आँखें बंद कर ली थीं। कहा जाता है कि बाबा साहब के परिनिर्वाण की खबर सुनकर गाडगे बाबा स्तब्ध और दुखी मन से बोले कि जब हमारा सेनापति ही यहां नहीं रहा, तो अब मैं यहां रहकर क्या करूंगा। ऐसे युग महापुरुष को उनके जन्म दिवस 23 फरवरी पर बुद्ध विहार में उपस्थित सभी उपासकगणों ने हार्दिक बधाई ज्ञापित कर, पुष्प अर्पित करते हुए कृतज्ञतापूर्ण नमन किया गया। इस अवसर पर सर्व श्रद्धेय बैजनाथ, रामफेर, शिवबरदान, राम सजीवन गुरूजी, भागीरथ,रजनीश, प्रियांशी, मुस्कान, विक्की, मन्नत, लकी, आदित्य, पलक, रितिक, दिव्यांश, आयुश, अक्षत, सुखमीलाल, मुकेश, राजन आदि उपासकगण उपस्थित रहे। रायबरेली से केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो धर्मवीर यादव की खास रिपोर्ट

# गौभक्त शैलेन्द्र पहलवान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**



मथुरा । राष्ट्रीय गोरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने कहा कि हमारी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। नहीं तो जेल भरो आंदोलन और नंगे पैर चलने की कसम खाई थी। एक माँ माह में 6 महीने दूध पिलाती है एक गौ माता हमारी जिंदगी भर भर दूध पिलाती है। योगी जी भी एक गौ रक्षक है। एक पुत्र अपनी मां का दर्द समझता है। गौरक्षक भाई अपनी जान पर खेल कर गौ माता की सेवा करते हैं। अपनी मां की सेवा तो बेटा करता है। इसके मूत्र से दवाइयां बनती हैं और इसके गोबर से औषधि और धूप बत्ती बनती है। प्राचीन काल में गौ माता की सेवा हमारे कृष्ण भगवान ने भी की थी। पिछले दिनों राष्ट्रीय गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने घोषणा करते हुए यहाँ तक कह दिया की यदि कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता तो वे अपने प्राण भी त्याग सकते हैं । उन्होंने सरकार से निवेदन करते हुआ कहा है कि हमारी माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए । जिससे गो तस्करी और गौ हत्या पर पूरी तरह विराम लगे, बूचड़ खाना पर भी प्रतिबन्ध लगना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी को सम्बोधित करते हुए कहा की आप भी एक गौ रक्षक है, गौ माता को अपनी माता से बढ़कर मानते हैं, आपको हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा । शैलेंद्र पहलवान का कहना हैं कि एक मां कुछ समय तक दूध पिलाती है और गौ माता हमारी हमेशा हमें दूध पिलाती है । इसके लिए हमें प्राण त्याग ने पड़े तो हमारे लिए गर्व की बात है।

# नवीन कुमार सक्सेना बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन)

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मुरादाबाद के प्रतिष्ठित समाजसेवी नवीन कुमार सक्सेना उर्फ बॉबी को राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के पद पर नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और मुख्य संरक्षक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुप श्रीवास्तव (IRS) की स्वीकृति से सौंपी गई है।

नवीन कुमार सक्सेना को यह पद उनकी कार्यकुशलता, समाजसेवा के प्रति समर्पण, संगठनात्मक अनुभव और भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रति आस्था व निष्ठा को देखते हुए प्रदान किया गया है। महासभा को उम्मीद है कि वह अपने नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता के बल पर कायस्थ समाज को संगठित और सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है। महासभा के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नवीन सक्सेना अपने नए दायित्व को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए महासभा को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होंगे।

**समाज में हर्ष की लहर :** इस नियुक्ति से कायस्थ समाज में उत्साह है। समाज के अनेक वरिष्ठजन और कार्यकर्ताओं ने नवीन कुमार सक्सेना को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में महासभा और अधिक प्रभावी रूप से कार्य करेगी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वे समाज के उत्थान में अपना योगदान देते रहेंगे।

## ठगी पीड़ितों के लिए पुलिस की मुहिम

# पीलीभीत में एसीपी ने लगाया विशेष कैंप,15 से ज्यादा मामले दर्ज

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



पीलीभीत, विदेश भेजने के नाम पर ठीक हो रही ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है सबसे ज्यादा मामला पूरनपुर इलाके से सामने आए हैं इस स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अविनश पांडे ने पूरनपुर थाने में विशेष कैंप लगाया। सोमवार सुबह से ही एससीपी ने खुद जनसुनवाई की कमान सभाली कैंप में आधा दर्जन से अधिक पीड़ित अपनी शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ितों ने बताया कि

आईलेट्स केंद्र संचालकों और कुछ अन्य युवकों ने उन्हें विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए कुछ अनपढ़ लोगों को भी विदेश भेजने का सपना दिखाकर बड़ी रकम की ठगी का शिकार बनाया गया। एसपी अवनीश पांडेय ने मीडिया को बताया कि अब तक 15 से अधिक मुकदमे दर्ज किया जा चुके हैं सभी मामले की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की मुहिम है की कोई व्यक्ति ठगी का शिकार ना बने और पीड़ितो को न्याय मिले एसपी ने लोगों से अपील की जिनके साथ ऐसी ठगी हुई है वह आगे आकर शिकायत दर्ज कराए

# निकाय के बाद अब कोरिया जि.पं. चुनाव में भी लहराया भाजपा के जीत का परचम

## जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का कुशल नेतृत्व,,कार्यकर्ताओं की मेहनत और विधायक भैयालाल राजवाड़े का अनुभव रंग लाया

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**कोरिया।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने बंपर जीत हासिल कर पार्टी का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के करिश्माई नेतृत्व और विधायक भैयालाल राजवाड़े के अनुभव का लाभ भाजपा को मिला। कोरिया के जिला पंचायत क्षेत्रों में मतगणना के बाद दस सीटों के अंतिम नतीजों में भाजपा समर्थित 05 जिला पंचायत सदस्य, कांग्रेस समर्थित सदस्य 01, गोंगपा समर्थित सदस्य 02 एवं निर्दलीय सदस्य के रूप 02 लोगों ने जीत हासिल की। जिसमें एक भाजपा और एक कांग्रेस के बागी प्रत्याशी है। अवगत करा दें की कोरिया जिला पंचायत चुनाव में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े की पुत्रवधु वंदना राजवाड़े और पुत्री गीता राजवाड़े ने बड़े आंकड़ों से जीत हासिल की है । जिससे साफ हो जाता है कि क्षेत्रीय विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े की लोकप्रियता क्षेत्र में अभी भी बरकरार है। पूरे चुनाव के दौरान भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री देवेंद्र तिवारी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी मैदान में अनवरत मुस्तैदी से डटे रहे। जिसका सुखद परिणाम भाजपा प्रत्याशियों के बंपर जीत के रूप में देखने को मिला। श्री देवेंद्र तिवारी के भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान संभालने के पश्चात ही लगातार चल रहे चुनाव में भाजपा पूरी तरह संगठित व संतुलन में दिखी । जिससे कह सकते हैं की भाजपा जिलाध्यक्ष श्री देवेंद्र तिवारी के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ



प्रधानमंत्री मोदी की शत प्रतिशत पूरी होती गारंटी व प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन ने भाजपा के पंचायत सरकार को पुन: साकार रूप दिया है । बता दें जहां एक ओर भाजपा के कार्यकर्ता एक एक मतदाताओं से लगातार संपर्क में रहकर वार्ड से लेकर बूथ तक चुनावी क्षेत्र में मजबूती से डटे रहे तो वहीं कांग्रेस बिखरी हुई नजर आयी, और नतीजों से पहले ही कांग्रेसी नेता मैदान छोड़कर चलते बने । और कोरिया ज़िला पंचायत की केवल एक सीट पर ही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीतने में सफल रहा। सबसे बड़े उलटफेर के रूप में कांग्रेस के दिग्गज नेता वेदांती तिवारी और बिहारी लाल राजवाड़े को भाजपा प्रत्याशियों ने मैदान से बाहर कर दिया । कोरिया जिला पंचायत चुनाव में जहां भाजपा समर्थित महिला प्रत्याशियों की 4 सीटों पर स्पष्ट बहुमत से जीत हुई । तो वहीं इस चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 04 से भाजपा के बागी राजेश साहू ने कांग्रेस समर्थित बिहारी लाल राजवाड़े को हराया और कांग्रेस के दिग्गज नेता वेदांती तिवारी को भाजपा प्रत्याशी मोहित पैकरा ने पछाड़कर भाजपा की दावेदारी को जीत में तब्दील किया ।

कोरिया जिला पंचायत चुनाव में भाजपा से श्री मति वंदना राजवाड़े, श्री मति सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्री मति गीता राजवाड़े, श्री मति शिवकुमारी सोनपाकर सहित मोहित पैकरा ने चुनाव जीता है। पंचायती चुनाव में भाजपा के पक्ष में नतीजों बाद अब फिर से जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष पद पर भाजपा अपना कब्जा बरकरार रख पाने में सफल रहेगी । पंचायती चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र तिवारी ने विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े के योगदान को महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और वरिष्ट जनों के सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें और जीते प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी।

# खंडहर हो रहे मंदिर का नवनिर्वाचित पार्षद ने किया जिर्णोद्धार, महाशिवरात्रि से ठीक पहले श्रद्धालुओं में हर्षोल्लास का माहौल

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**चिरमिरी।** शपथ लेने से पुर्व वार्ड क्रमांक 02 के भाजपा से जीते हुए प्रत्याशी राम अवतार ने वार्ड के समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है। आपको बता दें कि वार्ड क्रमांक 02 के प्रेम नगर में मौजूद शिव मंदिर जो कि खंडहर में तब्दील होते जा रहा था, जिसे नवनिर्वाचित पार्षद राम अवतार द्वारा संज्ञान में लेते हुए इसकी ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हुए मंदिर को पुनः मरम्मत करवा कर इसका सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक करवाया। लंबे समय से लोगों ने अपने वार्ड पार्षदों से वार्ड में मौजूद खस्ता हालत से गुज़र रहे मंदिरों के मरम्मत की उम्मीद लगाई थी और



सैकड़ों दफा अपील भी करने बाद पुर्व पार्षदों को सुचित करने के बावजूद आश्वासन के अलावा मंदिरों को ले कर कोई कार्य नहीं करवाया गया, मगर हाल ही में नवनिर्वाचित पार्षद राम अवतार ने इस पर गंभीरता से विचार करते हुए अपने कार्य का श्री गणेश इस मंदिर को एक नए रूप में ढालते हुए कर दिया। राम अवतार द्वारा शिव मंदिर के छत से पानी के रिसाव से बदहाल हुए मंदिर की ना सिर्फ मरम्मत करवाई गई मगर महाशिवरात्रि जैसे महापर्व के ठीक दो दिनों पुर्व ही मंदिर के रंगरोगन एवं सम्पूर्ण मरम्मत कार्य भी करवाया, जिसे देख कर मंदिर में रोज़ाना पूजा अर्चना करते भक्तों में भी खुशी एवं हर्षोल्लास सा माहौल देखा गया। वहां के स्थानीय लोगों से इस विषय में बातचीत करने? पर लोगों ने नवनिर्वाचित पार्षद के इस सफल कार्य की प्रोत्साहना की और मंदिर को उसके वास्तविक रूप में पुनः परिवर्तित करने के लिए राम अवतार को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

# सुसनेर सिविल अस्पताल में डॉक्टर परमार के पहुंचते ही मरीजों की भीड़ उमड़ी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**

**सुसनेर द्य** शासकीय सिविल अस्पताल में लंबे समय बाद एक बार फिर से डॉक्टर डी.एस. परमार की सेवाएं शुरू हो गई हैं। सोमवार को जब डॉक्टर परमार अपने तय शेड्यूल के अनुसार अस्पताल पहुंचे, तो मरीजों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी।

सुसनेर का सरकारी अस्पताल लंबे समय से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों तथा उज्जैन के डाक्टरों पर निर्भर रहना पड़ रहा था, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। डॉक्टरों की कमी को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और, पत्रकारो ,समाजसेवियों ने कई बार प्रशासन से मांग की थी। इन मांगों के बाद सीएमएचओ डॉक्टर



राजेश गुप्ता ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कुछ डॉक्टरों की ड्यूटी सप्ताह में एक दिन सुसनेर अस्पताल में लगाने का फैसला किया। डॉक्टर डी.एस. परमार के सुसनेर पहुंचने पर मरीजों में काफी उत्साह देखा गया। अस्पताल में ओपीडी पर्ची से लेकर परामर्श कक्ष तक लंबी लाइनें लगी रहीं। सुसनेर के लोगों को राहत तो मिली है, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि आखिर कब तक यह सुविधा सिर्फ सप्ताह में एक दिन के लिए सीमित रहेगी? क्या सरकार स्थायी डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी? यह देखने वाली बात होगी।

# नैस्कॉम फाउंडेशन के कार्यकर्ता उपेंद्र जायसवाल के द्वारा डिजिटल पेमेंट की जानकारी ग्रामीणों को दी गई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सूरज जायसवाल**

महंगई/विकासखंड लखनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पडशोडी कला मैं नैसकॉम फाऊंडेशन के कार्यकर्ता उपेन्द्र जायसवाल के द्वारा ग्रामीणों को डिजिटल पेमेंट व सरकारी कामों की जानकारी दिया गया इसमें सरकार के द्वारा संचालित एप के बारे में भी जानकारी दी गई ।। बता दे की जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आगे की ओर बढ़ते जा रही है वैसे ही अब सरकार भी टेक्नोलॉजी के अनुसार अपने कामों को आगे बढ़ा रही है और रोजगारों की भी उपलब्धियां अब टेक्नोलॉजी के अनुसार किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को बहुत से ऐसे भी सुविधा है जिससे वह वंचित है।।



**डिजिटल पेमेंट की भी दी गई जानकारी :** उपेन्द्र जायसवाल ने बताया की कि ग्रामीणों को अभी तक ऑनलाइन पेमेंट की पूरी तरह से जानकारी नहीं है जिसकी जानकारी नैसकॉम फाऊंडेशन के कार्य करता उपेंद्र जायसवाल ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल पेमेंट की हानि एवं लाभ ग्रामीण को ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा बताते हुए उसके हानि के बारे में भी बताया की कई बार हमें ठगी के भी शिकार होना पड़ता है इससे लोगों को सर्तक रहने की आवश्यकता है ।

# मथुरा रिफाइनरी ने रामकृष्ण अस्पताल वृन्दावन को 76.49 लाख. रुपये की लागत की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**

**मथुरा** । मथुरा रिफाइनरी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम वृन्दावन को 76.49 लाख. रुपये की लागत की फेकोइमल्सी फिकेशन मशीन प्रदान की है इससे रोगियों को काफी लाभ मिलेगा।

रिफाइनरी ने अपनी स्थापना के बाद से ही विभिन्न सीएसआर पहलों के अंतर्गत स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए काम किया है। मथुरा रिफाइनरी की इस पहल से आरकेएमएस में नेत्र उपचार सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और लोगों को काफी फायदा मिलेगा। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख रिफाइनरी मुकुल अग्रवाल ने आरकेएमएस में आयोजित एक समारोह के दौरान इस मशीन का उद्घाटन किया और इसे स्वामी




सुप्रकाशानंद सचिव आरकेएमएस को सौंपा।

फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन मोतियाबिंद के इलाज की नवीनतम तकनीक है। यह मशीन धुंधले लेंस को तोड़ने और हटाने के लिए अल्ट्रासोनिक ऊर्जा का उपयोग करती है और फिर उसके स्थान पर एक आईओएल (इंट्रा ओकुलर लेंस) प्रत्यारोपित किया जाता है। इस मशीन में इस्तेमाल की गई तकनीक बहुत उन्नत है।

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम को मथुरा रिफाइनरी ने अब तक रु. 14 लाख की लागत से एक एम्बुलेंस, महिला छात्रों को उनके जीएनएम पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2019-20 से लगातार दो बैचों को 63 लाख रुपये से प्रायोजित किया है। इसके अलावा 62.00 लाख रुपये की लागत से 200 किलोवाट रूफ टॉप ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र प्रदान किया है 7

# सपाइयों ने सांसद के गोद लिए गांव में बैठक कर बताई पार्टी की उपलब्धियां, पार्टी को मजबूत करने पर दिया जोर भाजपा सांसद के दस वर्ष के विकास कार्यों का मांगा जवाब

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

**एटा** जनपद के अलीगंज विकास खंड के अमरोली रतनपुर गांव में समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई है।बैठक के दौरान भाजपा सांसद के गोद लिए गांव में सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के संग बैठक की उन्हें पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया।साथ भाजपा सांसद मुकेश राजपूत द्वारा गांव में 10 वर्षों के अंतराल में किए गए कार्यों का जवाब मांगा समाजवादी पार्टी की नीतियां जन जन तक कैसे पहुंचे इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष हरिकिशन राजपूत ने नेताजी की शुरुआती राजनीति सियासत से शुरू होकर पार्टी की कई सारी योजनाओं को जनता को बताते हुए भारतीय जनता पार्टी पर काला प्रहार किया उन्होंने भाजपा को धन्ना सेठियों की पार्टी बताया प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा जिस तरीके से किसान और नौजवानों के साथ छलावा कर रही है उसी तरीके से अपने ही गोद लिए गांव के साथ भी छलावा करने



का कार्य किया है उन्होंने कहा कि 10 वर्ष का कार्यकाल पूरे होने के बाद तीसरे कार्यकाल में कार्य कर रहे हैं लेकिन उसके बावजूद भी गांव अपनी दुर्दशा पर रो रहा है प्रदेश सचिव ने अलीगंज विधानसभा के अमरोली रतनपुर की जनता का धन्यवाद दिया और कहा कि समाजवादी पार्टी सब की है हम सभी लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचना होगा तभी हम 2027 में आने वाले चुनाव में सत्ता पर राज कर सकेंगे इस मौके पर विनोद यादव प्रदेश सचिव, हरीकिशन राजपूत अलीगंज विधान सभा अध्यक्ष, रामप्रकाश जिला महासचिव, ग्रीस कुमार जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह अलीगंज नगर अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, हरदयाल एंव अतर सिंह , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ,संतोष यादव जिला सचिव, शिव सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सैनिक प्रकोष्ठ अलीगंज विधान सभा सदस्य जवाहर लाल सूर्यवंशी एंव रामकिशोर राजपूत किशोर राजपूत, अलीगंज विधान सभा उपाध्यक्ष, अवधेश राजपूत, रमेश राजपूत, लक्ष्मन राजपूत जिला सचिव, नरोत्तम दास ,शिवम यादव मीडिया प्रभारी के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।